# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 314 । भोपाल, मंगलवार 14 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



# मोदी की गारंटी भाजपा का भरोसा

## मध्य प्रदेश संकल्प पत्र



- 5 सालों तक गरीबों को मिलता रहेगा मुफ्त राशन
- किसानों से ₹2700 प्रति क्विंटल पर गेहूं और ₹3100 रुपए प्रति क्विंटल पर धान की होगी खरीद
- उज्ज्वला और लाड़ली बहनों को ₹450 में मिलेगा गैस सिलेंडर
- मध्यप्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना शुरु करेंगे
- लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता के साथ मिलेगा पक्का मकान
- प्रत्येक परिवार में कम से कम एक सदस्य को रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर
- 15 लाख ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण द्वारा लखपति बनाएंगे
- लाड़ली लक्ष्मियों को जन्म से 21 वर्ष तक कुल ₹2 लाख देंगे
- गरीब परिवार की छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा देंगे
- जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए ₹3 लाख करोड़
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर करेंगे ₹4,000 प्रति बोरा
- गरीब परिवार के सभी छात्रों को 12वीं कक्षा तक मुफ्त शिक्षा
- सरकारी स्कूल में मिड-डे मील के साथ मिलेगा पौष्टिक नाश्ता
- IIT और AIIMS के तर्ज पर खुलेगा मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी और मध्य प्रदेश इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस
- 13 सांस्कृतिक लोकों का होगा भव्य निर्माण
- 6 नए एक्सप्रेस वे का निर्माण- विंध्य एक्सप्रेस वे, नर्मदा, अटल प्रगति, मालवा निमाड़, बुंदेलखंड एवं मध्य भारत विकास पथ
- 80 रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ वंदे मेट्रो, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और रीवा, सिंगरौली और शहडोल में बनेंगे हवाई अड्डे
- एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय और एसटी बहुल जिलों में खुलेगा मेडिकल कॉलेज
- ₹20,000 करोड़ के निवेश से स्वास्थ्य व्यवस्था बनेगी हाई-टेक, हॉस्पिटल और आईसीयू में बिस्तरों की संख्या होगी दोगुनी

प्रकाशक- एमपी बीजेपी, प्रदेश कार्यालय



**कमल का बटन दबाएं भाजपा को जिताएं**

भाजपा का संकल्प पत्र डाउनलोड करने के लिए QR कोड स्कैन करें

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

# 4 फैक्ट्रियों में लगी आग से लाखों का माल हुआ खाक



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र की चार फैक्टरियों में सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग पर करीब 2 घंटे में काबू पाया गया। हालांकि, इसके बाद भी आग धधक रही थी। इस आगजनी में चारों फैक्ट्रियों में लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के कारणों का खुलसा नहीं हो सका है। वहीं इससे पहले दिवाली की रात में छोला, कोलार रोड समेत कई स्थानों पर आगजनी की छोटी-बड़ी घटनाएं हुईं।

अग्निशमन अधिकारी रामेश्वर नील ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में एक ही परिसर में फर्नीचर, गत्ता, बर्तन की फैक्टरियां है। सोमवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही फतेहगढ़, गोविंदपुरा, जिंसी समेत अन्य स्थानों से दमकलें मौके पर पहुंची। हालांकि, तेज धुएं की वजह से आग बुझाने में दिक्कतें हुईं, लेकिन शाम 4 बजे तक आग नियंत्रण में हो गई। फिलहाल अग्निशमन अमला मौके पर तैनात है और आग को बुझा रहा है। फिलहाल आग लगने की वजह स्पष्ट नहीं हुई है। वहीं आग से हुए नुकसान की जानकारी भी नहीं मिली है। लेकिन प्रारंभिक तौर पर लाखों रुपए की क्षति की आशंका है।

इससे पहले देर रात तक चंदनवाड़ी छोला स्थित मेडिकल वेस्ट की एक फैक्टरी में आग लगी। फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि फैक्टरी के आसपास 8 से 10 झुग्गियां थीं। आग बढ़ने से जनहानि भी हो सकती थी। इसलिए झुग्गियों को खाली कराया गया। ताकि, लोग सुरक्षित रहे। वहीं, फैक्टरी की दीवार को जेसीबी से तोड़ा गया। इसके बाद सुबह 4 बजे तक छोला, फतेहगढ़ और बैरागढ़ फायर स्टेशन के 25 से अधिक कर्मचारी आग बुझाने में लगे रहे और मेडिकल वेस्ट को अलग-अलग करके आग पर काबू पाया गया। वहीं कोलार रोड पर बंजारी के पास बीजेएस होंडा शोरूम में रात सवा 12 बजे आग लग गई। फायर फाइटर पंकज खरे ने बताया कि शोरूम के तलघर में वर्कशॉप है, यहां कर्मचारी रात में आतिशबाजी कर रहे थे। तभी आग फैल गई। अच्छी बात ये रही कि आग की सूचना तुरंत मिल गई। तो फायर अमला मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। बावजूद दो दो पहिया गाड़ियां चपेट में आ गई। यदि आग ज्यादा फैलती तो बड़ा नुकसान हो जाता, क्योंकि शोरूम के तीन मंजिलों में बड़ी संख्या में दो पहिया वाहन रखे थे।

### विंध्यवासियों के दिवाली मिलन समारोह में हुआ विवाद

# भाजपा -कांग्रेस कार्यकर्ताओं में चले लात-घूंसे

## हार से बौखलाई भाजपा : शर्मा



**भोपाल, देशबन्धु।** शहर के सिंधु भवन में सोमवार को आयोजित विंध्य क्षेत्र के लोगों के दिवाली मिलन समारोह में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान दोनों पक्षों की और से लात घूंसे चले। बताया गया है कि समारोह में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शामिल होकर ज्ञापन लिया। उनके जाने के बाद विधायक और भोपाल दक्षिण पश्चिम से कांग्रेस उम्मीदवार पीसी शर्मा कार्यक्रम में पहुंचे। तभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में दोनों पक्ष एक-दूसरे से भिड़ गए।

भोपाल विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सुनील पांडे ने बताया कि भोपाल में निवासरत विंध्य क्षेत्र के लोगों का दिवाली मिलन समारोह सोमवार को सिंधु भवन में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में करीब एक हजार लोग मौजूद थे। पूरी तरह से गैर राजनैतिक इस कार्यक्रम में हमारे क्षेत्र के लोगों को ट्रेनों से आने-जाने में होने वाली परेशानी से अवगत कराने के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को आमंत्रित किया था। इस पर उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर ज्ञापन लिया। उसके बाद पीसी शर्मा अपने समर्थकों के साथ पहुंचे और उनके समर्थकों ने हमारे साथी आरके सिंह को अपशब्द कहे। इस दौरान श्री शर्मा के समर्थकों ने कार्यक्रम में विवाद किया है और हमारे लोगों के साथ हाथापाई भी की।

वहीं विवाद के बाद कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा ने कहा कि दीपावली मिलन के कार्यक्रम में मुझे बुलाया गया था। यहां पूरी तरह से प्रायोजित तरीके से विवाद कराया गया है। हमारे कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं ने बदसलूकी कीऔर मुझे भी अपशब्द कहे गए। इसकी मैं निंदा करता हूं। भाजपा लोग हार से बौखला गए हैं। चूंकि इन्हें स्थानीय प्रत्याशी नहीं मिला तो यह बैरागढ़ से ले आए है, उक्त प्रत्याशी को क्षेत्र के लोग नकार रहे है। रविवार को भी भाजपा के लोगों ने हमारे एक कार्यकर्ता के साथ मारपीट की।

# मोटर साइकिल ने मारी टक्कर, युवक की मौत

## घायल होने के बाद खुद गाड़ी चलाकर पहुंचा था अस्पताल



भोपाल, देशबन्धु। दीपावली के दिन एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसे गलत दिशा से आ रहे मोटर साइकिल सवार ने टक्कर मार दी थी। बताया गया है कि हादसे के बाद युवक घायल अवस्था में ही वह खुद मोटर साइकिल चलाकर जेपी अस्पताल पहुंचा। जहां से उसे हमीदिया अस्पताल जाने का कह दिया गया। हमीदिया पहुंचने पर उसका उपचार शुरू हो पाया। लेकिन यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास नगर का रहने वाला अमन दुबे पिता राजकुमार दुबे उम्र 24 वर्ष अमेजन-फ्लिपकार्ट से आपूर्ति किए जाने वाले बिजली के उपकरणों की फिटिंग का काम करता था। वह रविवार सुबह अपने साडू श्रीकांत दुबे के साथ काम पर जा रहा था। जैसे ही वे चेतक ब्रिज पर पहुंचे, गलत दिशा से आ रहे बाइक सवार एक युवक ने उसकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अमन के चेहरे और हाथ-पैर में चोटें आई थी। हालांकि, इसके बावजूद अमन ने अपनी मोटर साइकिल उठाई और साडू श्रीकांत को बिठाकर जेपी अस्पताल जा पहुंचा। वहां से उसे हमीदिया भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। हादसे में अमन का साडू श्रीकांत दुबे मामूली घायल हुआ है।

## पिता बोले: कभी नहीं भूल पाएंगे यह दिवाली

पिता राजकुमार दुबे का कहना है कि अमन उनका एकलौता बेटा था। वह जब सात महीने का था तब उसकी मां का निधन हो गया था। उसकी शादी चार साल पहले कुमकुम से हुई थी। उसके 2 बच्चे हैं। बड़ी बेटी जाह्नवी 3 साल की है, जबकि बेटे का 15 दिन पहले ही जन्म हुआ है। जिसका नामकरण तक नहीं हुआ है। अमन बेटे के जन्म के बाद से बेहद खुश था। उसने पूरे मोहल्ले में मिठाई बांटी थी। वह अपने बेटे को दीपावली से पहले भगवान का दिया सबसे बड़ा उपहार बताता था। दीपावली हमारी सारी खुशियां मातम में बदल गई। यह दीपावली हम कभी नहीं भूल पाएंगे।

# इनामी बदमाश वाहिद रासुका में गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** आगामी विधान सभा चुनाव को देखते पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ईनामी और फरार आरोपितों की धरपकड़ किए जाने तथा सक्रिय आदतन अपराधियों पर रासुका के तहत कार्रवाई करने के सबंध में निर्देश दिए गए थे। इस पर क्राइम ब्रांच ने निशातपुरा पुलिस के सहयोग से कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार करोंद स्थित हाऊसिंग बोर्ड की राजीव कालोनी निवासी 44 वर्षीय वाहिद उर्फ विक्की थाना निशातपुरा क्षेत्र का आदतन अपराधी है ,जो हाल ही में राजस्थान जेल से छूटकर आया था और इसने भोपाल में आकर अपने साथियों से साथ मिलकर दशहत फैलाना शुरू कर दिया था। इसी कड़ी में वाहिद ने चार नवंबर को अपने साथियों के साथ मिलकर थाना अरेरा हिल्स क्षेत्र में मोहम्मद शाहरूख निवासी करीम बक्श कालोनी गौतम नगर भोपाल पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था। इस मामले में उस पर हत्या की कोशिश का प्रकरण दर्ज कर 30 हजार का इनाम घोषित किया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस के मुताबिक वाहिद पर निशातपुरा, ऐशबाग, तलैया , गौतम नगर , कोतवाली, गांधीनगर , अरेरा हिल्स, हबीबगंज थाना, कोतवाली, होशंगाबाद, थाना असनावर झालावाड़ा राजस्थान में 42 अपराध दर्ज हैं। उस पर पूर्व में 2015-2016 में रासुका के तहत कार्रवाई की जा चुकी है।

# सर्द हवाएं चलने से लुढ़का रात का तापमान

**भोपाल, देशबन्धु।** दीपावली के साथ ही मध्य प्रदेश के मौसम में अब बदलाव महसूस हो रहा है। सर्द हवाएं चलने से राज्य में रात का तापमान लुढ़क गया है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी का सिलसिला शुरू हो गया है। पश्चिमी विक्षोभ के आगे बढ़ने के कारण अब हवाओं का रुख भी उत्तरी एवं उत्तर-पश्चिमी होने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं से राजधानी सहित पूरे प्रदेश में रात के तापमान में गिरावट होने लगी है। बीते कई शहरों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी तीन-चार दिन तक बना रह सकता है।

# रेलवे पटरी पर मिली सब्जी कारोबारी की लाश



**भोपाल, देशबन्धु।** गौतम नगर इलाके में रहने वाला युवक रविवार की दोपहर को घर से बिन बताए निकला था। रात को उसका शव नारीयलखेड़ा में स्थित रेलवे पटरी पर मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम कराया और उसे परिजनों के हवाले कर दिया। फिलहाल यह पता नहीं चल सका है कि उसने खुदकुशी की है या वह हादसे का शिकार हुआ है।

## पत्नी से विवाद के बाद घर से निकला था

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रामस्वरूप अहिरवार पुत्र फूल सिंह अहिरवार 32 फिजा कॉलोनी करोंद का रहने वाला था। वह सब्जी का कारोबार करता था। बताया गया है कि रविवार को दीपावली के रामस्वरूप का पत्नी से मामूली विवाद हुआ था। इसके बाद रामस्वरूप नाराज होकर बिन बताए घर से निकल था। रात को नारीयलखेड़ा में रेलवे पटरी पर उसका शव मिला। इसकी सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद हमीदिया अस्पताल की मर्चुरी पहुंचाया। सोमवार को पीएम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मृतक की जेब से पत्र नहीं मिला है। ऐसे में साफ नहीं हो सका है कि उसने खुदकुशी की है कि पटरी पार करते ट्रेन की चपेट में आया है। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मौत के सही कारणों की जांच की जा रही है।

## पिछले महीने था बेटे का जन्मदिन

मृतक के छोटे भाई आदेश ने बताया कि रामस्वरूप ने पिछले महीने 10 नवंबर को इकलौते बेटे देव का चौथा जन्मदिन धूम-धाम से मनाया था। इसमें आस पड़ोस के बच्चों और परिवारों को भी खाने पर आमंत्रित किया था। इसके ठीक एक महीने बाद रामस्वरूप की मौत हो गई।

# सार्वजनिक गोवर्धन पूजा आज, तैयारी पूरी

**भोपाल, देशबन्धु।** तेजस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में सार्वजनिक गोवर्धन पूजा एवं परिक्रमा के कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया जायेगा। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता और सचिव वरूण गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यक्रम छोला दशहरा मैदान में शाम 4 बजे शुरू होगा, जो रात्रि 10 बजे तक जारी रहेगा। इसका शुभारंभ 5 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समिति पदाधिकारियो से गोवर्धनजी की पूजा अर्चना कर होगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओ द्वारा गिरिराजजी की परिक्रमा की जायेगी, जो कार्यक्रम के समापन तक जारी रहेगी। इस बीच मां भगवती आराधना मंच के नेतृत्व में मेकलसुता समूह जबलपुर के अलावा, मथुरा, व्रन्दावन, ग्वालियर, इंदौर और भोपाल के कलाकारों द्वारा धर्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न विधाओं की 5 प्रतिभाओं को वरिष्ठ समाजसेवी और समिति के संस्थापक संरक्षक रामनारायण कुदरिया की स्मृति में स्थापित तेजस सम्मान से सम्मानित किया जायेग।

पदाधिकारियो ने बताया कि इस वर्ष गोवर्धन गिरिराजजी की 15 फिट की आदमकद और 8 फिट की गोबर सहित पंच तत्वों से निर्मित प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र रहेगी। इन प्रतिमाओं का निर्माण राजधानी के प्रख्यात मूर्तिकार राजू कुशवाह के नेतृत्व में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा किया गया है।


प्रारुप सी-1

## अपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल)सं. 536 पब्लिक इंटेरेस्ट फाउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**अभ्यर्थी का नाम एवं पता:-** **पुष्पराज सिंह पटेल**
**निवासी-सरदार वार्ड, तहसील-सोहागपुर-138, जिला-नर्मदापुरम म.प्र.**
**राजनैतिक दल का नाम:-** **इंडियन नेशनल कांग्रेस**
**( स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखे )**
**निर्वाचन का नाम:-** **तहसील-सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र क्रं. -138 जिला नर्मदापुरम, म.प्र.**
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम:-** **सोहागपुर-138**

मैं **पुष्पराज सिंह पटेल** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना के लिए अपने आपराधिक पूर्ववत के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रमांक | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JMFC सोहागपुर | 275/18 | विचाराधीन | धारा 505 (I) भा.द.वि. अन्य धारा 67 IT ACT अपशब्द बोलना |
| 2 | JMFC नर्मदापुरम | 176/21 | विचाराधीन | 188, 269, IPC 51 आपदा प्रबंधन अधि./ शासकीय आदेश उल्लंघन |
| 3 | JMFC पिपरिया | 104/21 | विचाराधीन | 188 भा.द.वि. 51 आपदा प्रबंधन अधिनियम/ शासकीय आदेश उल्लंघन |
| 4 | JMFC पिपरिया | 79/21 | विचाराधीन | धारा 186, 506, 509 भा.द. वि./ शासकीय सेवक को अपशब्द |
| 5 | JMFC पिपरिया | 112/21 | विचाराधीन | 294, 32, 506, 34 भा.द.वि./ गाली गलोच करना |

दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण

| न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड | |
|---|---|---|---|
| JMFC सोहागपुर दिनांक 20.09.2022 | 1500/- रु. अर्थदण्ड | 1500/- रु. अर्थदण्ड | |

* राज्य परिषद के निर्वाचन या विधायकों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन की स्थिति में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

**पुष्पराज पटेल**
**हस्ताक्षर- प्रत्याशी**



प्रारुप सी-1

## आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल)सं. 536 पब्लिक इंटेरेस्ट फाउडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**अभ्यर्थी का नाम एवं पता:-** **उमेश कुमार मित्तल**
**मेन रोड, रामलीला मैदान, सेमरी हरचन्द**
**राजनैतिक दल का नाम:-** **'निर्दलीय'**
**( स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखे )**
**निर्वाचन का नाम:-** **म.प्र. विधान सभा**
**निर्वाचन क्षेत्र का नाम:-** **138-सोहागपुर**

मैं **उमेश कुमार मित्तल** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना के लिए अपने आपराधिक पूर्ववत के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं।

A) लंबित आपराधिक प्रकरण

| क्रमांक | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम | 943/18 05.05.2018 | विचाराधीन | 341, 294, 323, 506, 34 भा.द.वि. |
| 2 | न्यायिक दंडाधिकारी सोहागपुर | 270/19 04.01.2002 | विचाराधीन | 451, 294, 506, 34 |
| 3 | न्यायिक दंडाधिकारी सोहागपुर | 140/21 07.07.2021 | विचाराधीन | 33 (1 ग) भा.वन. अधिनियम |

अभ्यर्थी के विरूद्ध आपराधिक मामले लंबित है तो इस विकल्प चिहांकित करें और उपरोक्त विकल्प (1) कोटा कर नीचे की सारणी में सभी लंबित मामलों का ब्यौरा दें।

सारणी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | संबंद्ध पुलिस थाने के नाम और पते के साथ प्रथम इतिला रिपोर्ट सं. | थाना बाबई जिला नर्मदापुरम अ.क. 488/18 | थाना सोहागपुर जिला नर्मदापुरम अ.क. 345/19 | वन विभाग सोहागपुर क्रमांक 17285/16 |
| ख | न्यायालय के नाम के साथ मामला सं. | न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी महोदय नर्मदापुरम RCT 943/18 | न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी महो. सोहागपुर अ.प्र.क्र. 270/19 | न्यायिक मजि. प्रथम श्रेणी महो. सोहागपुर अ.प्र.क्र. 140/21 |
| ग | अंतर्वनित संबंद्ध अधिनियमों/ संहिताओं की धाराएं (धारा की सं. दें अर्थात भारतीय दंड सहित आदि की धारा...) | 341, 294, 323, 506 34 भा.द.वि. | 451, 294,506, 34 भा.द.वि. | भारतीय वन्य अधिनियम 1927 की धारा 33(1)ग |
| घ | अपराध का संक्षिप्त विवरण | वर्तमान में उक्त प्रकरण विचाराधीन है। | वर्तमान में उक्त प्रकरण विचाराधीन है। | वर्तमान में उक्त प्रकरण विचाराधीन है। |
| ड. | क्या आरोप विरचित किए गए है (हां या नहीं का उल्लेख करें) | हां | हां | हां |
| च | यदि उपरोक्त मद (5) के सामने उत्तर हां है, तो वह तारीख दे, जिसको आरोप विरचित किए गए से | 05.09.2018 | 04.01.2022 | 07.07.2021 |
| छ | क्या कार्यवाहियों के विरुद्ध कोई अपीला पुनरीक्षण के लिए आवेदन फाईल किया गया है (हां या नहीं का उल्लेख करें) | नहीं | हां माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में MCRC 43179/21 लंबित है। | नहीं |

6 दोषसिद्धि के मामले:-

1. मैं यह घोषणा करता हूं कि मुझे किसी आपराधिक मामले में दोषसिद्ध नहीं किया गया है। (यदि अभ्यर्थी दोषसिद्ध नहीं किया गया है तो इस विकल्प को चिन्हांकित करें और नीचे विकल्प (ii) के सामने लागू नहीं होता है लिखे)।

या

(ii) मुझे नीचे वर्णित अपराधों के लिए दोषसिद्ध किया गया है:-

देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 314 । भोपाल, मंगलवार 14 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

## सार-समाचार

### प्रियंका गांधी आज रायपुर में करेंगी रोड शो



**रायपुर, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी कल 14 नवम्बर को राजधानी रायपुर में रोड शो करेंगी। प्रदेश कांग्रेस की विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी शाम को 4.45 बजे रायपुर पहुंचेगी तथा रायपुर मे रोड शो करेंगी। श्रीमती गांधी राजीव गांधी चौक मे स्व.राजीव गाँधी की मूर्ति पर माल्यार्पण करने के अपना रोड शो शुरू करेंगी। विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती गांधी कोतवाली चौक, सत्ती बाजार, ब्राह्मण पारा,शीतला माता चौक, आरडी तिवारी स्कूल आमापारा चौक, अग्रसेन चौक से तेल घानी चौक तक जाएगी।

### महुआ को पार्टी संगठन में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस नेतृत्व ने सोमवार को हाल ही में कैश–फॉर–क्वेरी विवाद को लेकर चर्चित रहीं लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कृष्णानगर संगठनात्मक जिले का पार्टी अध्यक्ष बनाने की घोषणा की।

मोइत्रा नादिया जिले के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि मोइत्रा को कृष्णानगर संगठनात्मक जिले का अध्यक्ष बनाकर उन अटकलों को खत्म करने का प्रयास किया गया है कि पार्टी नेतृत्व उनसे दूरी बना रहा है।

### मांझी आज नीतीश के खिलाफ मौन धरने पर बैठेंगे

**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भाजपा का साथ मिलने के बाद अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने मंगलवार को नीतीश के खिलाफ मौन धरने पर बैठने की घोषणा कर दी। मांझी ने कहा कि उनके साथ जो हुआ उससे दलित समाज शर्मसार है। दलितों के साथ–साथ महिलाओं को भी नीतीश कुमार ने छोड़ा नहीं है।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के नेता मांझी ने आगे कहा कि इसी मुद्दे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने भाषणों में उठाया है। हम प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं कि आप हमेशा से ही हमारे साथ खड़े रहे हैं। जब नीतीश कुमार ने हमारे जैसे आदमी को प्रताड़ित करने का काम किया तो आपने इस मुद्दे पर हमारा साथ दिया।

### त्रिपुरा पुलिस ने पकड़े 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिक

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा पुलिस ने दक्षिण त्रिपुरा में सबरूम के बैष्णबपुर गांव से 14 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले त्रिपुरा के पांच सीमावर्ती जिलों में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अभियान चलाया था और मानव तस्करी रैकेट और सीमा पार अपराधों में शामिल होने के मामले में 25 लोगों की गिरफ्तारी की थी। एक गुप्त सूचना पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

### मणिपुरी फिल्म जोसेफ सन अल्टरनेटिवा पुरस्कार के लिए नामांकित

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुरी भाषा में हाओबम पवन कुमार की तीसरी कथात्मक फिल्म जोसेफ सन, कजाकिस्तान में अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार 2023 के लिए 14 फिल्मों में नामांकित होने के बाद फिर से सुर्खियों में है।

विजेताओं की घोषणा आगामी 02 दिसंबर को कजाकिस्तान के अल्माटी में पुरस्कार समारोह में की जाएगी। अल्टरनेटिवा फिल्म पुरस्कार कजाकिस्तान में वैश्विक तकनीकी कंपनी ड्राइव द्वारा संचालित अल्टरनेटिवा फिल्म प्रोजेक्ट का एक अभिन्न अंग हैं।

### उप्र में आवारा सांड के हमले में बुजुर्ग की मौत

**बलिया, एजेंसी।** उप्र के बलिया जिले में एक सांड के हमले में 87 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। सिकंदरपुर पुलिस स्टेशन के प्रभारी दिनेश पाठक ने कहा कि बस्ती बुजुर्ग गांव के निवासी राज कुमार गुप्ता दिवाली के अवसर पर दीपक जला रहे थे, तभी आवारा सांड ने उन पर हमला कर दिया जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## चुनावी समर में भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

### बड़वानी की सभा में मोदी ने किया कटाक्ष

# कांग्रेस 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है



**बड़वानी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि राज्य में पार्टी जनता के लिए 'सोने का महल' बनाने का भी वादा कर सकती है और उसमें सोना भी शायद 'आलू' वाला लगेगा।

श्री मोदी राज्य के बड़वानी में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जम कर हमले बोले। उन्होंने कहा कि पार्टी राज्य में कुर्सी के लिए छटपटा रही है। वो यहां की जनता से सोने का महल बनाने का भी वादा कर सकती है, और उसमें कांग्रेस शायद सोना भी आलू वाला ही लगाएगी। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस वाले कहेंगे कि पहले आलू से सोना निकालेंगे, तब महल बनाएंगे। सत्ता मिलते ही ये सब कुछ भूल कर लूट का कारोबार शुरु कर देंगे।

#### विकास की राह पर ले जाएगा संकल्प पत्र

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र हर वर्ग को विकास की राह पर ले जाएगा। पार्टी का हर वादा पूरा होगा। ये भाजपा का ट्रैक रिकॉर्ड है।

उन्होंने राज्य के इस आदिवासी अंचल में कहा कि दो दिन बाद बिरसा मुंडा का जन्मदिन है। वो जनजातीय गौरव दिवस के तौर पर मनाया जाता है। जिस आदिवासी समाज को कांग्रेस ने हमेशा नजरअंदाज किया, परवाह नहीं की उस आदिवासी समाज का गौरव बढ़ाने का और उसे सामाजिक न्याय दिलाने का काम भाजपा ने किया है।

#### कांग्रेस सरकार में अपराध चरम पर होते हैं

उन्होंने कहा कि जहां कांग्रेस आती है, अपराध चरम पर होते हैं। दंगे फसाद और बहनों बेटियों के साथ अत्याचार आम हो जाता है। अपने तीज–त्यौहार मनाना भी मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि भारत में सर तन से जुदा जैसे नारे सुनाई देंगे, लेकिन वीर धरा राजस्थान में ये हुआ। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदिवासी श्री राम के जमाने में भी थे, पर कांग्रेस को शायद ये पता ही नहीं था। आजादी के बाद देश में आदिवासी समाज के लिए अलग मंत्रालय, बजट कुछ भी नहीं था। ये सब कुछ स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के समय में हुआ। इसी क्रम में उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों का भी उल्लेख किया।

### टिमरनी और जावद की सभाओं में राहुल गांधी ने लगाया आरोप

# भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है मध्य प्रदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बन गया है। भाजपा सरकार की नीतियों से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने दावा किया कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस भारी बहुमत से चुनाव जीतेगी।

हरदा जिले के टिमरनी और नीमच के जावद की सभाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार की राजधानी बन चुका है। भाजपा के नेताओं के बीच में रेस चल रही है कि कौन किसानों और मजदूरों से सबसे ज्यादा पैसा लूटेगा। मैंने हजारों लोगों के साथ भारत जोड़ो यात्रा की, इस दौरान लाखों लोगों से मुलाकात हुई, जिसमें किसान, युवा, महिला और छोटे व्यापारियों से मुलाकात की और बातचीत हुई। युवाओं में ऊर्जा है, एक सपना है, लेकिन आज भाजपा की सरकार करोड़ों युवाओं को रोजगार ही नहीं दे पा रही है। राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब से देश में नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तभी से छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ने का काम जारी है। रोजगार देने में छोटे व्यापारी सबसे ज्यादा आगे रहते थे। लेकिन, आज इन व्यापारियों की स्थिति नरेंद्र मोदी सरकार ने खराब की है जिसका कारण नोटबंदी और जीएसटी है।भाजपा की सरकार गरीबों से पैसा लेती है और बैंकों का पूरा पैसा अपने उद्योगपति मित्रों को देती है। उन्होंने वादा किया कि राज्य में सरकार आने पर युवाओं, किसानों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से काम करने वाले हैं। हम देश में सरकार आने पर पूरे देश में जातिगत जनगणना करायेंगे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश पहला ऐसा राज्य है, जहां पर मरे हुए लोगों का इलाज होता है। यहां का सबसे बड़ा घोटाला व्यापमं घोटाला है, जिसमें शिवराज सरकार ने एक करोड़ युवाओं को नुकसान पहुंचाने का काम किया।

#### तोमर के बेटे पर कार्रवाई क्यों नहीं

राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के करोड़ों रुपये के लेन–देन के कथित तौर पर सामने आए वीडियो को लेकर सवाल किया है कि क्या नरेंद्र तोमर के घर ईडी, सीबीआई या आयकर की टीम पहुंचेगी। उन्होंने कहा हमारी सरकार किसानों को दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ करेगी। हम चाहते हैं कि कोई भी युवा बेरोजगार ना रहे। हमारी सरकार मेड इन चीन को मेड इन मध्य प्रदेश बनाने की इच्छा रखती है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र सिंह तोमर के लड़के देवेंद्र तोमर का करोड़ों रुपए का लेन–देन का वीडियो सामने आया है, लेकिन क्या उनके यहां नरेंद्र मोदी की इनकम टैक्स, ईडी या सीबीआई पहुंची?

### कार की मरम्मत के दौरान शेड में लगी आग

# भीषण अग्निकांड में 9 लोगों की मौत



**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में हैदराबाद शहर के बाजारघाट, नामपल्ली इलाके में सोमवार सुबह कार की मरम्मत के दौरान कार शेड में लगी भीषण आग में दम घुटने से दो महिलाओं सहित नौ लोगों की मौत हो गई। आग की लपटें तेजी से दूसरे कमरे में फैल गईं, जहां रसायन और डीजल के ड्रम रखे हुए थे और आग ने तहखाने सहित पूरे अपार्टमेंट को अपनी चपेट में ले लिया। आग में तहखाने और अपार्टमेंट के सामने खड़ी कई गाड़ियां जलकर खाक हो गईं। सूचना मिलने पर दमकल की चार गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और दमकल कर्मियों ने कड़ा मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

अग्निशमन कर्मियों ने सीढ़ी की सहायता से अपार्टमेंट के निवासियों को खिड़कियों के माध्यम से बाहर निकाला गया। केमिकल से फैले धुएं से अपार्टमेंट के आसपास के इलाके प्रभावित हुए। बीमार और बेहोश हुए लोगों को इलाज के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृतकों की पहचान मोहम्मद आजम (58), रेहाना सुल्ताना (50), फैजा समीन (26), थहुरा फरीन (35), तूबा (6), तारूबा (13), मोहम्मद जकीर हुसैन (66) , हसीब–उर–रहमान (32) और निकथ सुल्ताना (55) के रूप में की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने इस घटना पर गहरा दुख और निराशा व्यक्त की। पुलिस के मुताबिक, आग चार मंजिला अपार्टमेंट के भूतल पर स्थित कार शेड में लगी।

### तालाब में डूबने से 5 बच्चों की मौत

**भभुआ, एजेंसी।** बिहार के सारण जिले के करमचट थाना क्षेत्र में सोमवार को एक तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से पांच बच्चों की मौत हो गई। पांचों बच्चे एक ही परिवार के बताए जाते हैं। पुलिस के मुताबिक, यह घटना धवपोखर गांव की बताई जा रही है। गांव में एक परिवार के लोग धान काटने गए थे। सभी का खाना लेकर बच्चे खेत में गए और लौटने के क्रम में एक तालाब में नहाने लगे। बताया जाता है कि सभी बच्चे तलाब में स्नान के दौरान गहरे पानी में उतर गए और पांच की मौत हो गई।

### शाह ने राघौगढ़ में किया रोड शो, कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना, बोले-

# अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं कांग्रेस नेता



**राघौगढ़/गुना, देशबन्धु।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आज राघौगढ़ में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर परिवारवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ये तीनों नेता अपने अपने बेटों को राजनीति में स्थापित करना चाहते हैं, उन्होंने सवाल किया कि ये जनता की भलाई के लिए कुछ कर पाएंगे।

गृहमंत्री अमित शाह आज राघौगढ़ में भाजपा प्रत्याशी हीरेंद्र सिंह (बंटी बना) के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार वापस आ गई, तो किसानों को 12 हजार रुपए की सम्मान निधि मिलेगी। स्वास्थ्य बीमा की राशि 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए तक की जाएगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को पहले बीमारू राज्य के नाम से जाना जाता था, लेकिन अब पिछले 18 साल के शासन में भाजपा की सरकार ने इसे विकसित राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। कमलनाथ ने 15 माह के शासन में सिर्फ घोटाले ही घोटाले किए। श्री शाह ने आरोप लगाया कि तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने 51 योजनाओं को बंद कर दिया था। यदि कांग्रेस की सरकार फिर प्रदेश में आ गई तो कई योजनाओं पर ताला लगा देगी। केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह होगा। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो प्रदेश की जनता को राम मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमने जो भी सांस्कृतिक विरासत को लेकर काम किया कांग्रेस ने हमेशा उसका विरोध किया।

#### चांचौड़ा में केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रियंका पेंची के लिए मांगे वोट

**गुना, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को गुना पहुंचे। यहां चांचौड़ा में उन्होंने आमसभा जो संबोधित किया। उन्होंने दिग्विजय सिंह के शासनकाल पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके समय में सडक़ इतनी खराब थी कि चलना मुश्किल होता था। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह देरी से कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने भाषण शुरू कर दिया। उन्होंने चांचौड़ा विधानसभा प्रत्याशी प्रियंका पेंची को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि आपका एक वोट 2 काम करेगा। पहला तो मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। वहीं दूसरा काम 2024 मे नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का होगा।

उन्होंने कहा कि चंद्रयान जब चंद्रमा पर पहुंचा तो उस पॉइंट को मोदीजी ने शिवशक्ति नाम दिया। भारत का गौरव बढ़ाया। कांग्रेस को मध्यप्रदेश में सरकार बनाने दे सकते हैं क्या? आप मेरे 2 काम करोगे, चांचौड़ा में मीणा जी को तो आप जिताओगे ही। लेकिन 2024 में मोदीजी को भी प्रधानमंत्री बनाना है। वोट का बटन इतने गुस्से से दबाना कि बटन यहां दबे और करंट इटली में लगे।

#### मप्र को बेस्ट प्रदेश बना देंगे : शाह



**सिरोंज, देशबन्धु।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा के 18 साल की सरकार ने इस बेमिसाल राज्य बनाया। एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाए, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम मध्यप्रदेश को बेमिसाल प्रदेश से बढ़कर बेस्ट मध्यप्रदेश बना देंगे। वह रविवार को सिरोंज में तात्या टोपे बस स्टैंड पर आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी उमाकांत शर्मा व कुरवाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी हरि सिंह सप्रे के पक्ष में भाजपा को जिताने का आव्हान किया।

गृहमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने की बात कही, साथ ही कांग्रेस पर तंज किया कि वे 5 गारंटी दे रहे हैं, उनकी खुद की कोई गारंटी नहीं है। शाह ने कहा कि दिग्विजय सिंह के शासन में 10 साल में प्रदेश का बजट 2 लाख 23 हजार करोड़ था। मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 6 लाख 35 हजार करोड़ पार कर दिया है। उन्होंने इसी तरह कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे और योजनाओं पर भी कटाक्ष किया। शिक्षा में मध्यप्रदेश सरकार नेक जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे गरीब लोगों को हमेशा फायदा हुआ है और यदि भाजपा की सरकार केंद्र व राज्य में आती है तो सभी योजनाओं का फंड बढ़ा दिए जाएंगे। जहां किसानों को मिलने वाली 6 हजार की राशि 12 हजार तक पहुंचा दी जाएगी, वहीं आयुष्मान कार्ड से होने वाला इलाज 5 लाख से 10 लाख तक कर दिया जाएगा। करीब 27 मिनट 40 सेकंड के भाषण के बाद शाह सीधे अगली सभा के लिए चाचौड़ा रवाना हो गए। शाह की सभा से पहले कांग्रेस से आए कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली और भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा को अपना समर्थन दिया। जिसमें सपाक्स पार्टी के प्रत्याशी अखिलेश जैन, कांग्रेस के जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच रहे पगरानी के नंदराम शर्मा उर्फ नंदू, राधेश्याम यादव अवध राज सिंह, पप्पू सेन,बाबूलाल यादव आदि कई लोगों ने भाजपा को अपना समर्थन देने की घोषणा की।

### मणिपुर हिंसा के बीच गृह मंत्रालय की कार्रवाई

# 9 मैतेई उग्रवादी संगठनों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** मणिपुर में हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। मंत्रालय ने राष्ट्र विरोधी गतिविधियों और सुरक्षाबलों पर घातक हमले करने को लेकर नौ मैतेई चरमपंथी संगठन और उनके सहयोगी संगठनों पर बैन लगा दिया।

गृह मंत्रालय के अनुसार, जिन समूहों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित घोषित किया गया है, उनमें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी और इसकी राजनीतिक शाखा, रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट, यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट और इसकी सशस्त्र शाखा मणिपुर पीपुल्स आर्मी शामिल हैं। इनमें पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलेईपाक और इसकी सशस्त्र शाखा रेड आर्मी, कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी, इसकी सशस्त्र शाखा (जिसे रेड आर्मी भी कहा जाता है), कांगलेई याओल कनबा लुप, कोआर्डिनेशन कमेटी (कोरकॉम) और एलायंस फॉर सोशलिस्ट यूनिटी कांगलेईपाक (एएसयूके) भी शामिल हैं। पीएलए, यूएनएलफ, पीआरईपीएके, केसीपी, केवाई केएल को कई साल पहले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) के तहत गृह मंत्रालय ने बैन लगा दिया है। अन्य संगठनों के गैरकानूनी घोषित होने की घोषणा ताजा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि केंद्र सरकार की राय है कि यदि मैतई चरमपंथी संगठनों पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं किया गया तो उन्हें अपनी अलगाववादी, विध्वंसक, आतंकवादी और हिंसक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अपने कैडर को संगठित करने का अवसर मिलेगा।

#### हिंसा में अब तक 150 से ज्यादा की मौत

मालूम हो कि मणिपुर उस समय हिंसा की आग में जल उठा जब 3 मई को कुकी और मैतेई समुदाय के लोग आमने–सामने आ गए। जिसके चलते हुई हिंसा में अभी तक 150 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है। जबकि सैकड़ों की संख्या में लोग घायल हुए हैं। यही नहीं हिंसा के चलते हजारों की संख्या में लोग पलायन कर दूसरे राज्यों में रहने का मजबूर हो गए। वहीं हजारों लोग राहत शिविरों में रह रहे हैं।

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 14 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन




# ऐसे आचार्यों से किनारा करे कांग्रेस

ऐसे वक्त में जब कांग्रेस अपने अस्तित्व के साथ-साथ पूरे भारत में लोकतंत्र को बचाने की सबसे बड़ी व निर्णायक लड़ाई लड़ रही है, तब आचार्य प्रमोद कृष्ण का वह बयान उसे नुकसान पहुंचा सकता है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'कांग्रेस ने एक लफंडर को अपना महासचिव बना रखा है।' साथ ही वे पहले भी अनेक ऐसे बयान दे चुके हैं जो पार्टी के सीधे-सीधे खिलाफ हैं। कांग्रेस अपने इसी प्रकार के सदस्यनुमा खैरख्वाहों की बदौलत भरपूर नुकसान झेल चुकी है। उसे चाहिये कि वह अपने ऐसे आचार्यों और नेताओं पर लगाम कसे या उन्हें बाहर का रास्ता दिखाये।

उल्लेखनीय है कि आचार्य प्रमोद प्रियंका गांधी के करीबी माने जाते हैं और वे दो बार कांग्रेस की तरफ से लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पहली बार 2014 में संभल और 2019 में लखनऊ से। हालांकि दोनों ही बार उन्हें मुंह की खानी पड़ी थी। दरअसल हाल ही में आचार्य ने कहा था कि 'कांग्रेस के भीतर कुछ हिन्दू विरोधी भावनाओं के लोग हैं।' इस पर जब कांग्रेस के महासचिव व मध्यप्रदेश के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला से पत्रकारों ने प्रतिक्रिया जाननी चाही तो उन्होंने कहा कि 'वे ऐसे ऊलजलूल लोगों को छोड़ें और बयानों पर न जायें।' इसी बयान से नाराज़ होकर आचार्य ने ट्वीट कर दिया कि 'कांग्रेस के भाग्य की यह विडम्बना है कि एक ऐसे लफंडर को पार्टी का महासचिव बना दिया गया है जिसने राज्यसभा के चुनाव में विधायक रहते हुए भाजपा के उम्मीदवार और जी न्यूज़ के मालिक सुभाष चंद्रा को जितवाने का पाप सिर्फ एक अश्लील सीडी के प्रसारण को रुकवाने के लिये किया।' इसके पहले उन्होंने बयान दिया था कि 'कुछ ऐसे बड़े कांग्रेसी नेता हैं जिन्हें हिन्दू शब्द से ही नफरत हैं।' उनका यह भी कहना था कि 'कुछ नेताओं को राम मंदिर ही नहीं भगवान राम से भी नफरत है'। वे यहीं तक नहीं रुके और उन्होंने यह भी कहा कि 'दुनिया जानती है कि राम मंदिर के निर्माण को रोकने के प्रयास हुए। इससे सनातन धर्म में विश्वास रखने वाले करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंची है।'

आचार्य प्रमोद ऐसे लोगों में हैं जो अपने पार्टी विरोधी बयानों से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाते रहे हैं। हाल ही में उन्होंने संयुक्त विपक्षी गठबंधन इंडिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से गठबंधन किये बगैर उप्र में कांग्रेस व समाजवादी पार्टी चुनाव जीत ही नहीं सकते।

प्रमोद आचार्य का गुस्सा स्वामी प्रसाद मौर्य पर भी भड़का है जिन्होंने अपने एक्स हैंडल पर सोमवार को अपनी दिवाली की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है कि 'दुनिया में सभी रंग-रूप, नस्ल वालों के बच्चे दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख, दो छिद्रों वाली नाक के साथ एक सिर, एक पीठ व एक पेट के साथ पैदा होते हैं। चार हाथ, आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा ही नहीं हुआ तो यह चार हाथों वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है?' उन्होंने यह भी कहा कि 'अगर आपको लक्ष्मी की ही पूजा करनी है तो अपनी पत्नी की पूजा करें जो आपको व आपके परिवार को खाना खिलाती है, देखरेख करती है।' इस पर अनेक हिंदूवादी संगठनों ने आपत्ति जताई लेकिन आचार्य प्रमोद कुछ ज्यादा ही नाराज़ हो गये। उन्होंने यहां तक कह डाला कि मैं उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कहूंगा कि उनके बोलने पर पाबंदी लगाई जाए।

इतने समय से कांग्रेस में रहने और कई राजनैतिक उतार-चढ़ाव देखने वाले आचार्य प्रमोद को अगर यह बात नहीं समझ में आती कि ऐसे विवादों से अंततः फायदा कांग्रेस के विरोधियों, वह भी मुख्यतः भारतीय जनता पार्टी को ही होता है, तो उन्हें वहां रहने और पार्टी द्वारा उन्हें अपने साथ जोड़कर रखे जाने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस कई ऐसे अपनों को झेल चुकी है और उसे इसका बहुत खामियाजा उठाना पड़ा है। वे चाहें मणिशंकर अय्यर हों या सलमान खुर्शीद या फिर कपिल सिब्बल अथवा गुलाम नबी आजाद- अलग-अलग अवसरों पर ऐसे ही बयान देकर पार्टी को नुकसान उठाते रहे हैं। इनमें से कुछ ऐसे भी हैं जो अब कांग्रेस में नहीं हैं लेकिन उनके पार्टी छोड़ने से कोई नुकसान नहीं हुआ है। सच तो यह है कि ऐसे लोग पार्टी में रहकर ही उसे नुकसान पहुंचाते हैं।

पार्टी को चाहिये कि ऐसे कथित नेतानुमा आचार्यों पर न केवल अंकुश लगाए वरन ज़रूरत पड़ने पर उन्हें निकाल बाहर करें। यह वही पिच है जिस पर भाजपा चाहती है कि उसके सारे विरोधी दल आकर खेलें। व्यक्तिगत रंजिशों व वाद-विवादों से प्रारम्भ होने वाले ऐसे ही प्रकरण धीरे-धीरे बड़ा रूप धरते हैं। कांग्रेस विरोधी पार्टियां इन्हीं सारे बयानों का संदर्भ देकर पार्टी को घेरती है और जनता के सामने उसका कद व महत्व गिराती जाती है। इसके लिये किसी और को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इन अंदरूनी विवादों का हवाला देकर भाजपा तंज कस सकती है कि पहले ये (कांग्रेसी) आपस में मोहब्बत कर लें फिर देशवासियों के बीच नफरत को खत्म करें। अपने एक महासचिव पर इस तरह की टिप्पणी करना किसी भी जिम्मेदार नेता को शोभा नहीं देता। इसके बाद कांग्रेस द्वारा अन्य दलों के नेताओं की ऐसी टिप्पणियों पर उंगली उठाने का हक नहीं रह जाता। आचार्य प्रमोद जैसे लोग ही कांग्रेस की लड़ाई को कमजोर बनाते हैं।

# कोई हो ज्यादा चतुरता एक दिन उल्टी पड़ती ही है

कहते हैं ज्यादा चतुराई उल्टी पड़ जाती है! अंग्रेजी में ओवर स्मार्टनेस नेगेटिव टर्म में यूज होता है। राजनीति में तो हमेशा ओवर स्मार्टनेस के नुकसान सामने आते हैं।

मौसम चुनावों का चल रहा है। छत्तीसगढ़ में पहले चरण के चुनाव हो गए। यहां के पहले मुख्यमंत्री थे अजीत जोगी। स्मार्ट आईएएस। मगर मुख्यमंत्री बनने के बाद ओवर स्मार्ट हो गए। ओवर स्मार्ट का मतलब मैं कुछ भी कर सकता हूं और तीन साल में इतने विवाद पैदा कर लिए कि 2003 में हुए चुनाव में कांग्रेस ऐसी हारी कि फिर 15 साल तक वापस नहीं आ सकी। उसके बाद जब पार्टी छोड़ी तभी 2018 में कांग्रेस की वापसी हुई, कहते हैं कि वे अंदर ही अंदर भाजपा को सपोर्ट करते थे। जो भी हो मगर अब उनके बेटे अमित जोगी भाजपा को खुली मदद करने के लिए सामने आ गए हैं। वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सामने पाटन से चुनाव मैदान में हैं। उद्देश्य कांग्रेस के वोट काटना है। बघेल का मुकाबला तो भाजपा से ही है जिसने उनके भतीजे विजय बघेल को चाचा के सामने उतारा है। मगर मुख्यमंत्री के अच्छे प्रभाव के कारण मुश्किल में फंसी भाजपा की मदद के लिए अमित जोगी अंतिम क्षणों में यहां चुनाव लड़ने पहुंच गए। जोगी परिवार के तीनों सदस्य चुनाव मैदान में हैं। अमित जोगी की पत्नी ऋचा और उनकी मां रेणू जोगी भी चुनाव लड़ रहे हैं। इनकी अपनी पार्टी है जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़। नाम से कांग्रेस का धोखा होता है। इसलिए इन्हें उम्मीद है कि कांग्रेस के कुछ वोट काटकर भाजपा को फायदा करा सकेंगे। यह ओवर स्मार्टनेस बेटे अमित में पिता अजीत जोगी से भी ज्यादा है।

कांग्रेस जिस दूसरे चुनावी राज्य में ज्यादा मजबूत दिखाई दे रही है वह है मध्य प्रदेश। और यहां भी कांग्रेस के एक पूर्व नेता की ओवर स्मार्टनेस उन्हें अब भारी पड़ रही है। जनता इस तरह करती नहीं है। मगर इस बार वह पूरी तरह ज्योतिरादित्य सिंधिया से बदला लेने के मूड में है। उन्होंने जिस तरह कांग्रेस को कम और जनता को ज्यादा धोखा देकर भाजपा की सरकार बनाई

वह अब उन्हें और उनसे ज्यादा भाजपा को भारी पड़ रही है। केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों तक को चुनाव लड़ाना पड़ रहा है। मगर उससे भी कोई राहत नहीं मिली। उल्टे बगावत ज्यादा हो गई। और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे का तो एक वीडियो वायरल हो गया जिससे वे और परेशानी में पड़ गए। वीडियो में बेटा कथित तौर पर करोड़ों रुपए के लेनदेन की बात करता दिखाई दे रहा है।

मध्य प्रदेश में कहा जा रहा है कि केन्द्र और राज्य दोनों जगह इनकी सरकार है। अगर गलत है तो जांच करवा ली होती। झूठा बनाने वाला पकड़ में आ जाता। मगर कोई जांच भी नहीं हुई। कारण किसी को पता नहीं है। लोकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि इसके पीछे पार्टी के अंदर की ही कोई राजनीतिक प्रतिद्वंदिता है। बाहर के किसी आदमी की डबल इंजन सरकार में घुसपैठ नहीं हो सकती। शक की सुइयां उन लोगों की तरफ घूम रही हैं जो मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं।

यह जो कहानी की थीम ओवर स्मार्टनेस है उसमें यहां प्रधानमंत्री मोदी भी आ रहे हैं। उन्होंने अपने नाम पर चुनाव लड़ने का माहौल बनाकर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिल्कुल अलग थलग कर दिया है। मगर एक बात है शिवराज भी बहुत मजबूत दिल वाले नेता हैं। मोदी द्वारा कहीं उनका नाम तक न लेने अपमान की हद तक नजरअंदाज करने के बावजूद शिवराज चुनाव प्रचार में सबसे ज्यादा मेहनत से लगे हुए हैं। दीवाली के दिन वही एकमात्र बड़े नेता थे जो प्रचार में लगे हुए थे। उससे पहले धनतेरस को उन्होंने एक दिन में 11 मीटिंगें कीं। अब यह अलग बात है कि इस समय कोई उन्हें क्रेडिट देने को तैयार नहीं है। मोदी की बेरूखी देखने के बाद राज्य में कई नेता मुख्यमंत्री पद के लिए सज गए हैं। कहते हैं उसी में से किसी ने सबसे प्रमुख दावेदार के रूप में उभर रहे तोमर का यह वीडियो बनवाया है।

खैर वह जो भी हो छत्तीसगढ़ की तरह मध्य प्रदेश में भी भाजपा की स्थिति अच्छी नहीं है। यहां और छत्तीसगढ़ दोनों जगह एक-दो दिन बाद मतदान हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के दूसरे और अंतिम चरण का होना है और मध्य प्रदेश में एक ही चरण में। 17 नबंबर को। भाजपा या कांग्रेस सीधा मुकाबला है। कांग्रेस की एज ( बढ़त) के साथ। दोनों जगह कांग्रेस की एज में उसके दो ऐसे नेता का हाथ है जो अपनी ओवरस्मार्टनेस की वजह से कांग्रेस को नुकसान पहुंचाने की सोचकर उसका फायदा कर गए। पार्टी छोड़कर। और सिंधिया भाजपा में जाकर उसकी मदद करने के बदले उस पर बोझ बन गए और उधर छत्तीसगढ़ में जोगी के कांग्रेस छोड़ते ही कांग्रेस का ग्रहण उतर गया।



शकील अख्तर

> राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते। बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है।

मध्य प्रदेश में ग्वालियर-चंबल संभाग जिसे कभी सिंधिया परिवार का गढ़ कहा जाता था और केवल कहा ही नहीं जाता था हमने खुद देखा है कि वे अपने ड्राइवर को भी चुनाव लड़वा देते थे तो जीत जाता था। मगर अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के कांग्रेस और जनता को दिए धोखे के बाद जिसे वहां ज्यादा कठोर शब्दों में गद्दारी कहा जा रहा है उनके प्रत्याशियों का जीतना मुश्किल हो रहा है। ग्वालियर चंबल संभाग में 34 सीटें हैं। जहां ज्योतिरादित्य की गद्दारी बहुत बड़ा इशु बना हुआ है। यहीं से केन्द्रीय मंत्री तोमर को भी लड़ाया गया है। मगर एक तो सिंधिया के विश्वासघात या जो इसे यहां की जनता कह रही है गद्दारी से उनकी सीट भी मुश्किल में पड़ गई है। और फिर अभी जब यह लिख रहे हैं तो उनके बेटे का एक और बहुत साफ वीडियो सामने आ गया है। इसमें 500 करोड़ की बात हो रही है।

यह वीडियो मोदी के परिवारवाद इशु और भ्रष्टाचार दोनों की हवा निकाल देगा। परिवारवाद का यह विकृत रूप है कि पिता केन्द्र में मंत्री हो और बेटा वीडियो में 500 करोड़ की बात करता देखा जा रहा हो।

खैर जैसा राजनीति के एक कम चर्चा में आए मुद्दे ओवर स्मार्टनेस पर हमने बात शुरू की थी वह कई उदाहरणों के बाद यह बता रही है कि जीवन के बाकी क्षेत्रों की तरह ही सच्चाई, फैक्ट, वफादारी ही राजनीति में काम में आते हैं ज्यादा चतुराई दिखाने के चक्कर में आप खुद कहीं के नहीं रहते।

बात सबसे बड़े नेता की तरफ जा रही है। घटनाओं फैक्ट का यही आप खराब कहें या अच्छा अनिवार्य नतीजा होता है कि वह सत्य की तरफ ले जाते हैं। ओवर स्मार्टनेस का शिखर पर उदाहरण तो केवल एक ही हैं। हमारे प्रधानमंत्री। जिनके लिए राहुल ने सबसे सटीक बात कही थी कि अगर वे भगवान के साथ बैठ जाएं तो उन्हें भी बताने लगेंगे कि सृष्टि कैसे चलाना चाहिए।

इन पांच राज्यों के चुनाव में असल में उनका अस्तित्व दांव पर लगा है। अभी तक वे जो चाहे कर रहे थे। मीडिया अंधभक्त बना उनका समर्थन कर रहा था। मगर राहुल की भारत जोड़ो यात्रा और कर्नाटक चुनाव के बाद स्थितियां बदल रही हैं। अब उनका नाले के गैस से चाय बनाना, रडार न पकड़े इसलिए बादलों में से लड़ाकू जहाज निकलवाना, सौ साल तक कांग्रेस नहीं आएगी, मध्य प्रदेश के मन में मोदी है जैसी बातें सुनकर अब लोग चुप नहीं रहते हैं मजाक बनाने लगे हैं।

मोदीजी तो ओवरस्मार्टनेस से आगे जाकर अहं ब्रह्मास्मि की स्थिति तक पहुंच गए हैं। उन्हें अवतार घोषित किया जाने लगा है। लेकिन अब इसका उतार भी शुरु हो गया है। पांच राज्यों के चुनाव बहुत दिलचस्प मोड़ पर हैं। देखना है कि इसमें ओवर स्मार्टनेस वाले नेता चलेंगे या शुद्ध धरातल पर खड़े नेता। कुछ भी कह कर निकल जाने वाले या जनता के रोजगार, महंगाई, मुफ्त शिक्षा इलाज पर बात करने वाले।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# अतीत के गौरव के प्रशंसक पर अंधभक्ति के विरोधी थे नेहरू

पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे में कुछ लोगों की यह धारणा है कि वे भले ही पैदा भारत में हुए हों, चिंतन और रहन-सहन से वे पूरी तरह यूरोपीय थे। नेहरूजी के बारे में इस तरह की गलत धारणा फैलाने में दक्षिणपंथी विचारों में विश्वास करने वाले संगठनों एवं समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। दकियानूसी और हिंदुत्ववादी ताकतों ने इस तरह के भ्रम को विस्तार देने में कोई कसर नहीं उठा रखी है। यह बात पूरे विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि इस तरह का भ्रम अज्ञानता अथवा प्रायोजित प्रयासों पर आधारित है। ऐसे तत्व यदि नेहरू जी के विचारों का, उनकी पुस्तकों का, अध्ययन करते तो उनका यह भ्रम दूर हो सकता है।

नेहरू जी ने अनेक किताबें लिखी हैं, जिनके पीछे उनका विराट और गहन अध्ययन था। आजादी के आंदोलन के दौरान उन्हें लंबे समय तक अंग्रेजों की जेलों में रहना पड़ा था। लंबी सजाओं के दौरान उन्होंने खूब पढ़ा और खूब लिखा। भारत की आत्मा को खोजने और उसे पहचानने और आत्मसात करने का गंभीर प्रयास पंडित नेहरू ने किया था। वे भारत के अतीत से, उसकी ऐतिहासिकता से बेहद प्रभावित थे। विस्तृत इतिहास की समुद्र जैसी गहराइयों में उन्होंने कितनी ही बार गोते लगाये। भारत की आत्मा को पहचानने के प्रयासों में उन्होंने वेद, उपनिषद, पुराण, गीता जैसे ग्रंथों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों का विश्लेषण-परक अध्ययन किया। साथ ही उन्होंने इन ग्रन्थों पर भारतीय और विदेशी विद्वानों की टिप्पणियां भी पढ़ीं और उन्हें आत्मसात भी किया।

अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'हिंदुस्तान की कहानी' में वे एक जगह लिखते है: 'पिछली बातों के लिये अंधी-भक्ति बुरी होती है, साथ ही उनके लिए नफ़रत भी उतनी ही बुरी है। इसकी वजह यह है कि इन दोनों में से किसी पर भविष्य की बुनियाद नहीं रखी जा सकती। वर्तमान का और भविष्य का लाजिमी तौर से भूतकाल से जन्म होता है और उन पर उसकी गहरी छाप होती है। इसको भूल जाने के मायने हैं इमारत को बिना बुनियाद के खड़ा करना और कौमी तरक्क़ी की जड़ को ही काट देना। राष्ट्रीयता असल में पिछली तरक्क़ी, परम्परा और अनुभवों की एक समाज के लिए सामूहिक याद है।'



एल. एस. हरदेनिया

> नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था।

नेहरूजी ने पूरा-साहित्य और मिथकों आदि का बहुत गहराई से अध्ययन किया था। अत: वे वेदों के स्वाभाविक प्रशंसक थे। वेदों की चर्चा करते हुए वे कहते हैं कि 'शुरू की अवस्था में आदमी के दिमाग़ ने अपने को किस रूप में प्रकट किया था और वह कैसा अद्भुत दिमाग़ था। वेद शब्द की व्युत्पत्ति व्युद धातु से हुई है जिसका अर्थ जानना है और वेदों का उद्देश्य उस समय की जानकारी को इकट्ठा कर देना था। उनमें बहुत सी चीजें मिली-जुली हैं। स्तुतियां हैं और बड़ी ऊंची प्रकृति संबंधी कविताएं हैं। उनमें मूर्तिपूजा नहीं है। देवताओं के मंदिरों की चर्चाएं नहीं हैं जो जीवनी-शक्ति और जिंदगी के लिये इकरार उनमें समाया हुआ है वह गैरमामूली है। शुरू के वैदिक आर्य लोगों में जिंदगी के लिये उमंग थी, वे आत्मा के सवाल पर ज़्यादा ध्यान नहीं देते थे।'

महाभारत के बारे में नेहरू जी लिखते हैं-'महाकाव्य की हैसियत से रामायण एक बहुत बड़ा ग्रंथ जरूर है और उससे लोगों को बहुत चाव है लेकिन यह महाभारत है जो दरअसल दुनिया की सबसे खास पुस्तकों में से एक है। यह एक विराट कृति है। परंपराओं और कथाओं का और हिंदुस्तान की राजनैतिक और सामाजिक संस्थाओं का यह एक विश्व-कोष है। महाभारत में हिंदुस्तान की बुनियादी एकता पर जोर देने की बहुत निश्चित कोशिश की गई है। महाभारत एक ऐसा बेशकीमती भंडार है कि हमें उसमें बहुत तरह की अनमोल चीजें मिल सकती हैं। यह रंगबिरंगी घनी और गुदगुदाती जिंदगी से भरपूर है। इस मामले में यह हिंदुस्तानी विचारधारा के दूसरे पहलुओं से हटकर है जिसमें तपस्या और जिंदगी से इंकार पर जोर दिया गया है। महाभारत की शिक्षा का सार यदि एक जुमले में कहा जाए तो यह है-दूसरे के लिये तू ऐसी बात न कर जो खुद तुझे अपने लिए पसंद न हो।'

भगवद् गीता के बारे में नेहरू एक प्रसिद्ध विदेशी विद्वान विलियमबाण्डहॅबोल्ट के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'यह सबसे सुंदर और अकेला दार्शनिक काव्य है जो किसी भी जानी हुई भाषा में नहीं मिलता है। बौद्धकाल से पहले जब इसकी रचना हुई तब से लेकर आज तक इसकी लोकप्रियता और प्रभाव नहीं घटा है और आज भी इसके लिये पहले जैसा आकर्षण बना हुआ है। इसके विचारों और फलसफे को हरेक संप्रदाय श्रद्धा से देखता है और अपने-अपने ढंग से इसकी व्याख्या करता है। संकट के समय जब आदमी का दिमाग संदेह से सताया हुआ होता है और अपने फर्ज़ के बारे में दुविधा उसे दो तरफ़ खींचती है, वह रोशनी और रहनुमायी के लिये गीता की तरफ़ और भी झुकता है क्योंकि यह संकट-काल के लिये लिखी हुई कविता है। चूंकि आज के हिंदुस्तान में मायूसी छाई हुई है और उसके चुपचाप रहने की भी एक हद हो गई है इसलिये फल की आशा किये बिना काम में लगे रहने का संदेश इस समय अत्यधिक प्रासंगिक लगता है। दरअसल गीता का संदेश किसी संप्रदाय या जाति के लिये नहीं है। क्या ब्राह्मण, क्या निम्न जाति, सभी के लिये है। गीता में कहा गया है कि सभी रास्ते मुझ तक आते हैं।'

इसी तरह उपनिषदों के संबंध में नेहरू लिखते है: ''ये छानबीन की, मानसिक साहस की और सत्य की खोज के उत्साह की भावना से भरपूर हैं। यह सही है कि यह सत्य की खोज मौजूदा जमाने के विज्ञान के प्रयोग के तरीकों से नहीं हुई है फिर भी जो तरीक़ा अख्तियार किया गया है उसमें वैज्ञानिक तरीक़े का एक अंश है। हठवाद को दूर कर दिया गया है। उनमें बहुत कुछ ऐसा है जो साधारण है और जिसका आजकल हम लोगों के लिए कोई अर्थ या प्रसंग नहीं है। खास जोर आत्मबोध या आत्मा-परमात्मा के ज्ञान पर दिया गया है। इन दोनों का मूल एक ही बताया गया है। उपनिषदों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें सच्चाई पर बड़ा जोर दिया गया है। सच्चाई की सदा जीत होती है, झूठ की नहीं। सच्चाई के रास्ते से ही हम परमात्मा तक पहुंच सकते हैं। उपनिषदों की यह प्रार्थना मशहूर है 'असत्य से मुझे सत्य की ओर ले चल, अंधकार की ओर से प्रकाश की ओर मुझे ले चल, मृत्यु से मुझे अमरत्व की ओर ले चल।' उपनिषदों में एक सवाल का बहुत अनोखा लेकिन मार्के का जवाब दिया गया है। सवाल यह है कि यह विश्व क्या है? यह कहां से उत्पन्न होता है? और कहां जाता है? इसका उत्तर है-स्वतंत्रता से इसका जन्म होता है। स्वतंत्रता पर ही यह टिका है और स्वतंत्रता में ही वह लय हो जाता है। सारे संसार में ऐसी कोई रचना नहीं है जिसका पढ़ना इतना उपयोगी, इतना ऊंचा उठाने वाला हो जितना उपनिषदों का है। वे सबसे ऊंचे ज्ञान की उपज हैं।' प्रसिद्ध पश्चिमी दार्शनिक सोपेनआवर के विचारों को उधृत करते हुए नेहरू कहते हैं- 'उपनिषदों के हर एक शब्द से गहरे मौलिक और ऊंचे विचार उठते हैं और इन सब पर एक ऊंची पवित्र उत्सुक भावना छाई हुई है। उपनिषदों को पढ़ने से मेरी जिंदगी को शांति मिलती है। यही मेरे मौत के समय भी शांति देंगे।'

रामायण के संबंध में नेहरू जी प्रसिद्ध फ्रांसीसी इतिहासकार मिशले के विचारों को उद्धृत करते हुए कहते है: 'जिस किसी ने भी बड़े काम किये हैं या बड़ी आकांक्षाएं की हैं, उसे इस गहरे प्याले से जिंदगी और जवानी की एक लंबी घूंट पीना चाहिए। रामायण मेरे मन का महाकाव्य है। हिंद महासागर जैसा विस्तृत, मंगलमय सूर्य के प्रकाश से चमकता हुआ, जिसमें देवीय संगीत है और कोई बेसुरापन नहीं है। वहां एक गहरी शांति का राज्य है और कशमकश के बीच भी वहां बेहद मिठास और इंतहा दर्ज़े का भाई-चारा है। जो सभी ज़िंदा चीज़ों पर छाया हुआ है। रामायण मोहब्बत, दया, क्षमा का अपार और अथाह समुंदर है।'

नेहरू जी संस्कृत भाषा के बड़े प्रशंसक थे। संस्कृत के संबंध में वे लिखते हैं कि वह 'अद्भुत रूप से सम्पन्न, हरी-भरी और फूलों से लदी हुई भाषा है। फिर भी वह नियमों से बंधी हुई है और 2600 वर्ष पहले व्याकरण का जो चौखटा, पाणिनि ने इसके लिए तैयार कर दिया, वो उसी के भीतर ही चल रही है। ये खूब फैली, खूब सम्पन्न हुई। भरी-पूरी और अलंकृत बनी लेकिन अपने मूल को पकड़े रही।' संस्कृत के संबंध में नेहरू जी एक यूरोपीय विद्वान सर विलियम जोन्स के विचारों को उधृत करते हैं। जोन्स ने 1884 में कहा था संस्कृत भाषा चाहे जितनी पुरानी हो उसका गठन अद्भुत है। यूनानी भाषा के मुकाबले में ज़्यादा मुकम्मिल, लातिनी के मुकाबले में ज़्यादा सम्पन्न और दोनों के मुकाबले में यह ज़्यादा परिष्कृत है।'

ये तो कुछ उदाहरण हैं जिनसे नेहरू जी की भारत के गौरवशाली इतिहास के संबंध में प्रशंसनीय विचार जानने को मिलते हैं। वैसे उनकी किताबें (विश्व इतिहास की झलक और मेरी कहानी) और उनके सैंकड़ों व्याख्यान भारत के अतीत की प्रशंसा से भरे पड़े हैं। नेहरू भारत के अतीत के प्रशंसक थे फिर भी उनकी यह मान्यता थी कि अतीत की अंध-भक्ति से भारत का भविष्य उज्वल नहीं हो सकता। इसलिए उनकी यह धारणा थी कि धर्मनिरपेक्ष-वैज्ञानिक समझ के आधार पर आधुनिक भारत की नींव मजबूत करने के लिए भारत के अतीत के उज्वल पक्ष का सहारा लेना चाहिए।

इस तरह सच पूछा जाए तो नेहरू जी ही भारत के अतीत के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तराधिकारी हैं। संभवत: इसीलिए उनके विषय में कहा जाता है कि यदि वे राजनीति में नहीं होते तो विश्व-स्तर के इतिहासकार, साहित्यकार या कवि होते। लेकिन इतिहास-संस्कृति और साहित्य के ज्ञाता के लिए मौजूदा आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक सच्चाइयों से विरत रह पाना कहां संभव होता है। नेहरू समस्त सांस्कृतिक-चेतना के साथ स्वतंत्रता आंदोलन और राजनीति में थे। वे नये युग, नये निर्माण और नये भारत के स्वप्न दृष्टा थे। ऐसे स्वप्न दृष्टा जिन्होंने कई स्वप्नों को सच कर दिखाया था। अंत में नेहरू जी का स्मरण मैं शायर शमीम फरहत की 'सत्ताईस मई' (नेहरू जी की मृत्यु की तिथि) शीर्षक की इन पंक्तियों के साथ करना चाहता हूं-

आज एहसासे-ग़म ज़ियादा है,
शम्मे-खामोश में धुआं भी नहीं
इतना खाली-सा लग रहा है जहां,
जैसे अब सर पे आसमां भी नहीं
आज का दिन गुलाब पर बोझल,
आज बच्चों की मुस्कुराहट में
संज़ीदगी झलकती है।

## पावन प्रसंग

# तेते पांव पसारिये जेती लंबी सौर

आदर्श शिक्षा यही है कि जितनी आमदनी हो खर्च उसी के भीतर ही रहे। बड़े दीखने का अभिमान न करें। एक बार कोई.यह कह जाए कि ये लोग गरीब हैं, पुराने जमाने के हैं, वह अच्छा है ;क्योंकि सौर0 रजाईं से अधिक पांव फैलाना सदैव हानिकारक ही होता है। आज से कई वर्ष पहले सारे कस्बे में यह एक ही क्राकरी की दुकान थी। अच्छी आमदनी हो जाती थी, कोई सौ-डेढ़ सौ रुपए रोज तक की बचत थी। घर में मजेदारी थी। धर्मपत्नी का दिल खुला था। जितनी आमदनी- खर्च भी उतना ही। लोग घर आएं तो अफसरों जैसा स्वागत । गरज यह कि उनके संपन्न होने की खूब चर्चा थी, लोग मानते थे कि यह बहुत बड़े आदमी हैं।

रहन-सहन में भी वही बात। कपड़ों की चाहे, साज-संभाल न हो, पर अनाप-शनाप कपड़े, बनते, बच्चों के लिए घर का नाश्ता ठीक नहीं, मिठाइयां, चॉकलेट में ढेर सारे पैसे खर्च किए जाते, बिजली पंखों का खर्च अनाप-शनाप ही होता। ऐसी कोई जगह नहीं जहां से किसी को यह कहने का अवसर मिले, यह लोग छोटे आदमी हैं। समय बदलते देर नहीं लगती। दो वर्ष पीछे सामने एक और क्राकरी की दुकान हो गई। शहर में धीरे-धीरे कई दुकानें हो गईं। आमदनी सब दुकानों में बंट गई तो स्वाभाविक ही था- रतनचंद्र क्राकरी वालों की आमदनी कम हो जाती। अब दिन में कुल 60-70 रुपए ही बचते। लालाजी ने पत्नी को बहुतेरा समझाया-देखो अब पहले जैसी स्थिति नहीं रही, खर्च हाथ साधकर किया करो, पर पत्नी के सिर पर बड़प्पन का ऐसा भूत सवार था कि पति से लड़ना झगड़ना स्वीकार, खर्च करने की आदत न बदली। अच्छे खाते-पीते घर के होकर भी उनके ऊपर ऋण बना ही रहता, घर में परस्पर खींचा-तानी रहती सो अलग। आमदनी घटने के साथ रहन-सहन के स्तर में थोड़ी सादगी कर ली जाती तो उसमें शान न घटती, पर परस्पर खींचा-तानी से जो उपहासास्यास्पद स्थिति बनी, यदि उसे घर की स्त्रियां समझ लेतीं तो न दुर्गति लालाजी की होती और न स्वयं उनकी स्त्री की। झगड़े- फसाद के कारण बच्चों में जो बुरे संस्कार पड़ गए सो अलग।

सदा खर्च सोच-समझ कर आमदनी को देखते हुए करने की आदत डालनी चाहिए। खर्च बढ़ने पर पुन: कम करना कठिन हो जाता है। अत: आरंभ से ही बालकों को मितव्ययता सिखानी चाहिए।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# बाल-दिवस को बनायें ख़ास देकर ये अनुपम उपहार

प्रतिवर्ष 14 नवंबर को हम राष्ट्रीय बाल-दिवस और 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल-दिवस के रूप में मनाते हैं, इस तरह से नवंबर का महीना आधिकारिक रूप से तो पूरी दुनिया के बच्चों को समर्पित है। हर वर्ष बाल-दिवस पर ऐसे अनेकों सरकारी और गैर-सरकारी आयोजन होते हैं जिनमें बच्चों के हितार्थ ढेरों योजनाओं, सुविधाओं का वादा किया जाता है. जिनमें से कुछ तो पूरे हो जाते हैं और कुछ ठंडे बस्ते में चले जाते हैं। लेकिन यह एक स्व स्थापित सत्य है कि बचपन की मजबूत बुनियाद ही सुरक्षित भविष्य का निर्माण करती है। किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य के लिए बचपन का सम्पूर्ण रूप से पल्लवित और प्रस्फुटित होना नितांत आवश्यक है। देश और दुनिया में बाल- दिवस के सफल आयोजन हेतु रैलियां निकलती रहेंगी, उद्घाटन होते रहेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहेंगे, मूल बात है बच्चों के कल्याण की, उनके सुरक्षित भविष्य की. इसके लिए आज यहां कुछ ऐसे ही अनमोल उपहारों के बारे में चर्चा करेंगे जिन्हें अगर हम बच्चों को सुलभ करा सकें तो न केवल वर्तमान की, बल्कि भविष्य में आने वाली कई पीढ़ियां भी उनसे लाभान्वित होती रहेंगी।

**बाल-दिवस का प्रयोजन**-कोई भी राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय दिवस के आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उस 'मुद्दे विशेष' के प्रति जागरूक करना, उसे सफल बनाने में आने वाली समस्याओं को पहचानना और सबके सम्मिलित प्रयासों से उनका समाधान ढूंढना. ताकि एक ऐसे मजबूत समाज का निर्माण किया जा सके जहां ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, छोटे-बड़े, पढ़े-लिखे या अनपढ़, शहरी या ग्रामीण, लड़का या लड़की में कोई भेदभाव न हो; सबको अपने अधिकारों के साथ-साथ, देश व समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का भी पूरा अहसास हो।

**उत्तम शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य-बात शुरू करते हैं अच्छे स्वास्थ्य से**- बढ़ती उम्र के बच्चों को उचित वैचारिक खुराक के साथ ही भरपूर मात्रा में न्यूट्रीशस भोजन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जानी चाहिए क्योंकि एक कमज़ोर या कुपोषित शरीर कभी भी पढ़ाई-लिखाई में या अन्य किसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से, अपनी पूर्ण क्षमता के साथ भागीदारी नहीं कर सकता। एक मानसिक व शारीरिक रूप से चुस्त-दुरुस्त बच्चा ही बड़े होकर देश एवं समाज को नई ऊंचाईयों पर ले जा सकता है।

**व्यावहारिक व कौशल आधारित शिक्षा**-बढ़ते हुए बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए कौशल आधारित शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो, जिसमें कोरा किताबी ज्ञान न हो जो ज़िन्दगी के प्रति व्यावहारिक दृष्टिकोण रखना सिखाये। शिक्षित होकर बच्चों की रचनात्मकता को नए आयाम मिलें. वे संगीत, नृत्य, खेल, चित्रकला या अपनी अभिरुचि के किसी भी अन्य क्षेत्र या विषय में पारंगत होकर अपनी आजीविका चुन सकें और अपने कौशल से देश और समाज में कुछ योगदान कर सकें तभी उनकी शिक्षा सार्थक होगी।

**अनुशासित जीवन शैली का चुनाव**-महान अर्थशास्त्री चाणक्य के अनुसार व्यक्ति के उत्तम चरित्र निर्माण एवं उज्जवल भविष्य हेतु प्रयास बचपन में ही किये जाने चाहिए और इसके लिए उन्हें उचित शिक्षा व अनुशासित जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। भागदौड़ भरी जीवन शैली थकान, तनाव और व्यग्रता को बढ़ावा देती है जो अनेकानेक बीमारियों को सीधा-सीधा निमंत्रण है।

**बचपन को बनाये रखना**-बचपन! विश्व का शायद ही कोई व्यक्ति होगा जो उसकी मधुर, अविस्मरणीय स्मृतियों से अछूता हो। जो निश्छल, नि:स्वार्थ, सहजता, चंचलता, मासूमियत उम्र के इस दौर की पहचान होती है वह उम्र बढ़ने के साथ-साथ गायब होती जाती है और जीवन की आपा-धापी में हम दिन-प्रतिदिन उलझते चले जाते हैं। अपने मूलभूत अधिकारों की चर्चा तो हम सभी करते हैं लेकिन अपने इन मूलभूत गुणों को विस्मृत करते चले जाते हैं और इसका हमें रत्ती भर भी एहसास नहीं होता है अत: हम बड़ों में भी बचपना बना रहे उसके प्रयास किये जाने चाहिए और अभ्यास से ही सही, इन गुणों का पोषण किया जाना चाहिए।

बच्चों के कल्याणार्थ एकजुट हो लें संकल्प आइये, हम और आप ये संकल्प लें कि न केवल वर्तमान के, बल्कि भविष्य के जन्म लेने वाले बच्चे भी इस पृथ्वी पर सुरक्षित जीवन-यापन कर सकें इस हेतु हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करेंगे, नियमित वृक्षारोपण करेंगे, हर प्रकार के प्रदूषण को नियंत्रित रखने की कोशिश करेंगे, खेतों में अनावश्यक रसायनों के प्रयोग से बचेंगे और अपने पर्यावरण को संरक्षित रखने का भरपूर प्रयास करेंगे ताकि ये धरती, आने वाली कई सदियों तक हमारे बच्चों के साथ यूं ही हंसती खिलखिलाती आबाद रहे। बाल-दिवस पर बच्चों को, एक सभ्य, शिक्षित एवं जागरूक समाज की ओर से इससे अनुपम सौगात और कुछ नहीं हो सकती।

**प्राची तिवारी 'छबि'**

## सार समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय की लक्ष्मीगंज में सभा आज

**गुना, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मंगलवार 14 नवम्बर को गुना के लक्ष्मीगंज में कांग्रेस प्रत्याशी पंकज कनेरिया के समर्थन में आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दिग्विजय सिंह गुना में ही रात्रि विश्राम करेंगे और 15 नवम्बर को रवाना हो जाएंगे। गुना विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पंकज कनेरिया के समर्थन में किसी भी बड़े नेता की लक्ष्मीगंज में पहली सभा होगी। इससे पहले कनेरिया को जिताने के लिए दिग्विजय सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के भादौर में सभा ली थी। इसके बाद दिग्विजय शहरी मतदाताओं से जनसम्पर्क करने के उद्देश्य से लक्ष्मीगंज में 14 नवम्बर को शाम 5.30 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान मंच पर कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के मौजूद रहने की संभावना है।

### मतदान दिवस व मतगणना दिवसों को रहेगा शुष्क दिवस घोषित

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ग) के प्रावधान एवं मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विधानसभा निर्वाचन-2023 के लिए 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति के नियत समय से 48 घण्टे पूर्व से मतदान समाप्ति तक 15 नवम्बर सांय 6 बजे से 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति तक) एवं मतगणना दिवस 3 दिसम्बर 2 को संपूर्ण दिवस के लिए शुष्क दिवस घोषित करने के आदेश जारी किए गए हैं। शुष्क दिवसों की अवधि में जिला गुना की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें एवं स्टोरेज मद्यभाण्डागार बंद रहेगा, इस अवधि में किसी भी प्रकार की मदिरा का क्रय / विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। शुष्क दिवसों में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण, अधिपत्य एवं विक्रय न होने का समुचित ध्यान रखे जाने के लिए आदेशित किया गया है।

### चुनाव के लिए 215 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त रहेंगे मतदान केंद्रों पर

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन के लिए चारों विधानसभा के लिए मतदान केंद्रों पर मतदान दिवस को मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए जिले के 215 माईक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति के लिए आज सामान्य प्रेक्षक नूह पी बावा एवं सामान्य प्रेक्षक राधाबिनोद शर्मा तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री तरूण राठी की उपस्थिति में एनआईसी डीआईओ के द्वारा सॉफ्टवेयर के माध्यम से रेण्डमाईजेशन किया गया। उक्तानुसार रेण्डमाईजेशन पश्चात विधानसभा 28-बमोरी के लिए 40, विधानसभा 29-गुना के लिए 59, विधानसभा 30-चांचौड़ा के लिए 40 एवं विधानसभा 31-राघौगढ़ के लिए 40 माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किये गये हैं, जिसमें 20 प्रतिशत अतिरिक्त रूप से रिजर्व की व्यवस्था की गई है।

### स्वीप गतिविधि अंतर्गत आरोन में अनिवार्य मतदान की ली गई शपथ

**गुना, देशबन्धु।** स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नगर परिषद आरोन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश कुमार सोनी के निर्देशन में स्वीप गतिविधि अंतर्गत नगर के दशहरा मैदान आतिशबाजी ग्राउंड में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलायी गयी। साथ ही अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अपील की गई।

केंद्रीय मंत्री ने भाजपा प्रत्याशी सिसोदिया के पक्ष में फतेहगढ़ में की आमसभा

# डबल इंजन की सरकार से प्रदेश के विकास ने तीव्र गति प्राप्त की : सिंधिया



**गुना, देशबन्धु।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एवं प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन लाभकारी योजनाओं से समाज के हर वर्ग चाहे वो किसान हो, महिलाएँ हो, छात्र छात्राएँ हो। अगर यहाँ फिर से कांग्रेस सरकार आ गई तो ये योजनाएँ बंद हो जाएगी और आप सभी इन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित हो जाएँगे। यहाँ सिंचाई के क्षेत्र में वर्षों से चली आ रही ग्वालटोरिया, पनहेटी और छतरपुरा सिंचाई परियोजनाएँ स्वीकृत हो चुकी है, जिनके पूर्ण होने पर यहाँ ये अन्नदाता किसान भाइयों की फसलों की सिंचाई की समस्या समाप्त हो जायेगी और उत्पादन भी बढ़ेगा। यहाँ डिग्री कॉलेज, आईटीआई कॉलेज, तीन तीन सीएम राइज स्कूल बनाये जा रहे हैं साथ ही सडक़ों के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य लिए गए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह और कमलनाथ की बड़े भाई छोटे भाई की जोड़ी सिर्फ़ कुर्सी के लिए लालायित है उन्हें विकास से कोई लेना देना नहीं है, आप उनके बहकावे में नहीं आना और उस भाजपा सरकार की सरकार बनाना जो सबका साथ सबका विकास के सोच और विचारधारा से कार्य कर रही है। राम मंदिर के जब भी निर्माण की जब भी बात आती थी तो कांग्रेस के नेता कहते थे कि मंदिर वहीं बनायेंगे पर तारीख़ नहीं बतायेंगे, कुछ कांग्रेसी नेता तो भगवान श्री राम के अस्तित्व पर ही प्रश्न चिन्ह लगाते हैं और उनके काल्पनिक पात्र बताने में भी पीछे नहीं हटते। लेकिन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ निश्चय और कुशल नेतृत्व में हमारी आस्था के प्रतीक मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम भगवान का अयोध्या में मंदिर बन चुका है जिसका लोकार्पण बाईस जनवरी को होना है।

### विधानसभा चुनाव से सम्बंधित कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा

**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन कार्य से सम्बंधित आज साप्ताहिक बैठक का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण राठी की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रथम कौशिक, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार शर्मा, विधानसभा के रिटर्निंग ऑफिसर्स एवं जिला अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम निर्वाचन के नोडल अधिकारियो को दी गई जिम्मेदारियों की बिंदुवार प्रगति की समीक्षा की गई। मतदान दलों के प्रशिक्षण, माइक्रो ऑब्जर का रेंडमाईजेशन, मतदान दलों को सामग्री वितरण और सामग्री जमा की व्यवस्था को अंतिम रूप देना, विशेष पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी, कॉल सेंटर, आदर्श मतदान केंद्र, महिला मतदान केंद्र के बारे में प्रगति की समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी कार्यों को अंतिम रूप दिया जाये।इसी प्रकार निर्वाचन से सम्बंधित शिकायतों को तत्परता से निराकरण किया जाये। मतदान दिवस के 48 घंटे पहले सभी बाहरी व्यक्तियों को विधानसभा क्षेत्र से बाहर किया जाये और बिना अनुमति के वाहनों को भी प्रतिबंधित किया जाये। राजनैतिक दलों के प्रत्याशी के मतदान केंद्र अनुसार निर्वाचन अभिकर्ताओं की नियुक्ति की कार्य शीघ्र पूर्ण की जावे। मतदान केंद्र के 200 मीटर परिधि में अनधिकृत व्यक्तियों को प्रवेश न दिया जावे। निर्वाचन से सम्बंधित वेब कॉस्टिंग के टेस्टिंग की कार्यवाही 16 नवम्बर तक पूर्ण कर ली जावे। सभी सेक्टर अधिकारी अपने-अपने सेक्टर का भ्रमण कर सभी तैयारियों को अंतिम रूप देवें और कही कोई कमी हो तो तत्काल अपने रिटर्निंग ऑफिसर्स को अवगत कराये। जिन सेक्टर अधिकारियों को रात्रि विश्राम के लिए जो मतदान केंद्र आवंटन किये गए हैं, उन्ही पर रात्रि विश्राम करेंगे।

हमीरपुर चैक पोस्ट पर चैकिंग के दौरान पकड़ाए आरोपी

## डेढ़ लाख की स्मैक और अवैध शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध दोहरी कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा 1.50 लाख की अफीम सहित राजस्थान के नशा तस्कर तो ग्राम पीपलखेड़ी से दो को 130 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी मध्य रात में जिले के फतेहगढ थाना पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि राजस्थान के छबडा तरफ से एक व्यक्ति हीरो स्प्लेण्डर मोटर सायकिल से अवैध मादक पदार्थ अफीम लेकर उसे बेचने हेतु हमीरपुर के रास्ते सेनवोर्ड तरफ जाने वाला है। अफीम तस्करी की उक्त सूचना के मिलते ही सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु फतेहगढ़ थाने से तत्काल पुलिस की एक टीम द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर चैक पोस्ट हमीरपुर के आगे ठाकुर बाबा मंदिर के पास नाकाबंदी की गई एवं जहां पर राजस्थान तरफ से कुछ ही समय बाद मुखबिर द्वारा बताए हुलिये की मोटर सायकिल व व्यक्ति के आते दिखाई देने पर पुलिस द्वारा उक्त मोटर सायकिल को रोक लिया गया। जिसके चालक ने पूछताछ पर अपना नाम बाबूलाल पुत्र लटूर सिंह मीना निवासी ग्राम उचावद, थाना बापचा, जिला बांरा राजस्थान का होना बताया। पुलिस द्वारा जिसकी तलाशी लेने पर जिसके पास से 610 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद हुई। आरोपी के पास से मिली 610 ग्राम अफीम कीमती 1.50 लाख रूपये एवं अफीम तस्करी में उपयोग की जा रही मोटर सायकिल कीमती 50 हजार रुपये सहित कुल 2 लाख रुपये का मशरुका विधिवत जप्त कर आरोपी बाबूलाल मीना को गिरफ्तार किया गया है।

इसी प्रकार गत् दोपहर में थाना अंतर्गत फतेहगढ़-डोबरा रोड पर ग्राम पीपलखेड़ी पुलिया के पास एक व्यक्ति के प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने हेतु कहीं ले जाने के लिये वाहन के इंतजार में खड़े होने की सूचना पर फतेहगढ़ थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई। मुखबिर द्वारा बताई जगह पर तत्काल दविश देकर मौके से प्लास्टिक की बड़ी-बड़ी दो केनों के साथ खड़े व्यक्ति को घेराबंदी कर धर-दबोच लिया गया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम रामू उर्फ रामा पुत्र पुंजा भील 18 साल, निवासी ग्राम पीपलखेड़ी थाना फतेहगढ़ का होना बताया। जिसके पास रखी केनों को चैक करने पर उनमें हाथभट्टी की बनी कुल 60 लीटर अवैध कच्ची शराब भरी हुई पाई गई। इसी प्रकार ग्राम पीपलखेड़ी नदी के पास से ही आरोपी मांगीलाल पुत्र थावरा भील 39 साल निवासी ग्राम पीपलखेड़ी थाना फतेहगढ़ को हाथभट्टी की बनी 70 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया।

## मतदान दल के कर्मचारियों को तीसरे चरण का प्रशिक्षण संपन्न



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान दलों (मतदान दल, दिव्यांग मतदान दल, अतिरिक्त रिजर्व दल) का राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर निरंजन श्रोत्रिय के समन्वय से जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा तृतीय चरण का प्रशिक्षण आज शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना के विभिन्न प्रशिक्षण स्थलों पर दिया गया। इस दौरान पीठासीन अधिकारी, मतदान क्रमांक 1,2,3 को उनकी जिम्मेदारियों से संबंधित विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान सामग्री प्राप्त करने के दौरान चिन्हित प्रति, अमीट स्याही एवं सूची अनुसार सामग्री का मिलान ध्यानपूर्वक किया जावे, इसी प्रकार ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी प्राप्त करते समय उनकी सील एवं मतदान केंद्र से संबंधित एड्रेस टेग को विशेष रूप से चैक किया जावे कि आपको आवंटित मतदान केंद्र से संबंधित ही ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी प्राप्त हुयी है और मतदान दिवस को उपयोग किये जाने वाले प्रपत्र एवं लिफाफे को आवश्यक रूप से मिलान कर लिया जावे। मतदान सामग्री के बाद मतदान दल रवाना होने के दौरान अपने निर्धारित वाहन में ही बैठकर सुरक्षा बल की उपस्थिति में मतदान केंद्र के लिए रवाना होवें। इसी प्रकार प्रशिक्षण के अंत में सभी मतदानकर्मियों की शंकाओं का समाधान किया गया। मॉकपोल कराने के संबंध में सावधानियां बरतने का भी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया, विशेष रूप से पांच ऐसे प्रपत्र जो स्ट्रांग रूम के लिए जमा कराये जाते हैं उनके बारे में व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षण दिया गया।

दीपावली के अगले ही दिन गांव-गांव पहुंची आप प्रत्याशी ममता मीना, बोली

## चांचौड़ा का चहुमुखी विकास कराना मेरी पहली प्राथमिकता



**गुना, देशबन्धु।** दीपावली के अगले दिन चांचौड़ा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी ममता मीना एक बार फिर क्षेत्र के तूफानी सघन जनसंपर्क पर हैं। सोमवार को श्रीमती मीना ने चांचौड़ा क्षेत्र के डेढ़ दर्जन से अधिक ग्रामों में तूफानी जनसंपर्क किया। इस मौके पर श्रीमती महेशपुरा, मुहांसा, नाईपुरा,कुंजारी, बह्मापुरा, आमासेर, नेशकलां, जूनापानी, मेरियाखेड़ी, चोपनी, कुंडलिया, कालापीपल, हिनौती, कोन्याडांग, पिपलिया मोती, उमरथाना, डोरियापुरा, तलावली, वलावली सहित कई गांवों का दौरा किया। इधर ममता मीना की छोटी बहन रचना मीना ने भी भोपाल से आकर चांचौड़ा क्षेत्र में दीदी के लिए घर-घर जाकर जनसमर्थन जुटाने में लगी हुई हैं। इस मौके पर क्षेत्र में आम पार्टी की रीति-नीतियों से ग्रामीण प्रभावित हो रहे हैं। सोमवार को गांव-गांव पहुंची आप प्रत्याशी ममता ने जहां ग्रामीणों को दीपोत्सव की बधाई दी, वहीं ग्रामीण ने भी ममता मीना का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने आप प्रत्याशी श्रीमती मीना का फूलमालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रीमती मीना ने गांव-गांव पहुंचकर डोर-टू-डोर चुनाव प्रसार कर वोट मांगें। इस दौरान उन्होंने पार्टी की नीतियों से अवगत कराया और दिल्ली-पंजा मॉडल की तस्वीर क्षेत्र में लागू करने की बात कही। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी चांचौड़ा सहित प्रदेशभर में एक बेहतर और सशक्त विकल्प के रूप में सामने आई है। इस मौके पर ममता मीना ने कहा कि वह चांचौड़ा की बेटी हैं, इसलिए यहां की जनता की हर भावना को समझती है। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में विशेष कर माता—बहनों में उनके प्रति लगाव देखने को मिल रहा है।

सभी माताएं—बहने उनसे हाथ मिलाने को और गले लगने को आतुर दिखाई दी। उन्होंने ग्रामीणों की बीच कहा कि चांचौड़ा विधानसभा की जनप्रतिनिधि बनकर क्षेत्र का चहुमुखी विकास कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों से तंग आकर जनता का भाजपा-कांग्रेस से विश्वास उठ चुका है। उन्होंने कहा कि चांचौड़ा विधानसभा क्षेत्र में बहुत सी समस्याएं हैं, उनका समाधान किया जाएगा।

## जिपं सदस्य समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

**आष्टा, देशबन्धु।** विधान सभा में कांग्रेस का लगातार ग्राफ लगातार बड़ता ही जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ साथी ने आज से 3 दिन पहले खाती समाज के बड़े नेता ने अपने सैकड़ों की संख्या में समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए थे और आज फिर भाजपा में विगत 25 वर्षों से काम कर रहे वर्तमान जिला पंचायत वार्ड क्रमांक 10 के जिला पंचायत सदस्य भाजपा को छोड़कर अपने साथियों सहित कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। लखन सिंह मालवीय ग्राम कानरा खेडी के निवासी है व एक बार गांव के सरपंच, एक बार जनपद के सदस्य तथा इस बार जिला पंचायत के सदस्य है, चुनाव जीत चुके है।

इनका भाजपा से मोह भंग हो गया। मालवी का कहना की जनहित में प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के चुनावी घोषणा पत्र से प्रभावित होकर वह कांग्रेस में शामिल हुए हैं, उन्हें भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल अपने निवास बुलाया था और गोपाल सिंह इंजीनियर को जिला पंचायत को 2 बार वोट दिया था। आज जिला पंचायत सदस्य लखन सिंह ने कांग्रेस पार्टी के चुनाव कार्यालय में कांग्रेस की सदस्यता ली, वही घासीराम ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

इन दोनों नेता को कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री कैलाश परमार, दशरथ सिंह मुरावर, ब्लाक अध्यक्ष कमल पहलवान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हिफजुर रहमान भय्या मिंया सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सदस्ता दिलवाई।

## भाजपा प्रत्याशी ने किया सघन जनसम्पर्क

**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सिद्धिकगंज ग्राम के भूपोड, झीकड़ी, सिंगार चोरी, नोमनिया, रामपुरा, खाचरोद, बापचा, नोगांव में जन सम्पर्क कर ग्रामीण जनों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा की क्षेत्र के विकास के लिए, प्रदेश को विकसित, विकासशील प्रदेश बनाने के लिये आने वाली 17 नवम्बर को आपके द्वारा भाजपा के पक्ष में दिया गया एक एक वोट प्रदेश एवं आष्टा के विकास की एक नई इबारत लिखेगा। भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर ने आज संघन जन सम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की नागरिकों से अपील की। जन सम्पर्क के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं नागरिकों से आशीर्वाद प्राप्त कर सरकार की उपलब्धियां गिनाई। भाजपा के प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर के पक्ष में महिला मोर्चा भी कहीं पीछे नहीं है। वो भी कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी को जिताने के लिए पूरी ताकत से जुटी है। युवा मोर्चा, किसान मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अनुसूचित जाति, जनजाति मोर्चा भी के नौजवान भी अपनी पूरी ऊर्जा के साथ भाजपा को जिताने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। आष्टा विधानसभा क्षेत्र के सभी 6 मंडल के अध्यक्ष अपने मंडलों में सभी कार्यकर्ताओं के साथ प्रचार में दिन रात जुटे है। ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्र में भाजपा को भारी जन समर्थन मिल रहा है।

## बमोरी से कांग्रेस प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने किया जनसंपर्क

**गुना, देशबन्धु।** बमोरी से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने सोमवार को एक दर्जन से अधिक गांवों में सघन जनसंपर्क किया। इस मौके पर उन्होंने बमोरी के कुलमाचीरा, मगेहरा, चक पोरखो, भानपुर, माढई, कुसुमखोह, आदिवासी बस्ती सोनखरा, आटाखेड़ी, बन्नीखेड़ा, डिगडोल, डुमावन, जैतपुरा, दोरदा, बड़ोदिया, सुमरदा, परांठ, धुबघटा, डेहरा, मोरखेड़ी आदि में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने ग्रामीणों से जनसंपर्क कर दीवाली की शुभकामनाएं दी। वहीं ग्रामीणों ने भी उनका भव्य फूलमालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर ऋषि अग्रवाल ने कहा कि बमोरी क्षेत्र की जनता से मेरा गहरा लगाव है और हर सांस के साथ बमोरी क्षेत्र की जनता के साथ रहेंगे। चाहे वह सुख हो चाहे दुख हो, चाहे गर्मी हो चाहे जड़ा हो चाहे, बरसात हो। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर उनका स्वागत किया। साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी उन्हें आशीर्वाद दिया।

## आबकारी विभाग ने आदर्श आचार संहिता में 29 लाख की अवैध शराब पकड़ी

**गुना, देशबन्धु।** अवैध मदिरा के विनिर्माण, विक्रय, संग्रह एवं परिवहन की रोकथाम के लिए तरुण राठी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गुना के निर्देशन में जिला सहायक आबकारी आयुक्त जगन्नाथ किराड़ के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग के वृत्त गुना, बमोरी, राघौगढ़ एवं चांचौड़ा में आदर्श आचार संहिता 9 अक्टूबर से 12 नवम्बर तक कुल 28 हजार 708 लीटर अवैध मदिरा (देशी, विदेशी, हाथभट्टी मदिरा, लाहन) जब्त कर मप्र आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत 154 छापेमार कार्यवाहियों में कुल 122 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसमें उक्त जब्त मदिरा का अनुमानित मूल्य 29 लाख 66 हजार 200/- रुपए है। साथ ही 2 वाहन जब्त किए गए जिनकी अनुमानित कीमत 70 हजार रुपए है। जिला सहायक आबकारी आयुक्त जगन्नाथ किराड के मार्गदर्शन में आबकारी बिभाग के वृत्त गुना में 32 प्रकरण बनाए जाकर कुल मदिरा 3957 लीटर जब्त की गई , जिसकी कीमत 4,20,750 रुपए है। वृत्त बमोरी में 30 प्रकरण बनाए जाकर कुल मदिरा 5,098 लीटर जब्त की गई। जिसकी कीमत 5,33,850 रुपए है। वृत्त राघौगढ़ में 29 प्रकरण बनाये जाकर कुल मदिरा 6,232 लीटर जब्त की गयी, जिसकी कीमत 6,30,650 रुपए है। वृत्त चांचौड़ा में 31 प्रकरण बनाये जाकर कुल मदिरा 13,421 लीटर जब्त की गयी, जिसकी कीमत 13,80,950 रुपए है। आबकारी बिभाग के आबकारी उपनिरीक्षक मोहनीश शर्मा, गौरव जैन एवं राधाकिशन के द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ मिलकर अवैध शराब के खिलाफ जिल में कार्यवाही की गयी है और आगे भी आबकारी विभाग की कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

*पटाखों की गूंज और रोशनी के बीच मना दीपपर्व*

## रोशनी से जगमगाया शहर, लक्ष्मीपूजन के बाद हुई जमकर आतिशबाजी



*__गुना, देशबन्धु।__ शहर में रविवार को सुख-समृद्धि और वैभव का पर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी पूजन किया। इसके बाद जमकर आतिशबाजी की गई। शाम होते ही शहर का आसमान रंगबिरंगी आतिशबाजी से दमक उठा। पूजन के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। शहर के मंदिरों में भी सुबह से पूजन के लिए भक्तों की कतार लगी। इस मौके पर शहर में इमारतें, घर रंगबिरंगी लाइट से रोशन नजर आए। घर-आंगन को टिमटमाते माटी के दीये जलाकर सजाया गया। द्वार पर रंगोली बनाई जाएगी। शाम को लक्ष्मी-गणेश पूजन के बाद लोगों ने आतिशबाजी का मजा लिया। दीपावली पर हनुमान चौराहा, जयस्तंभ चौराहा स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर, दुर्गा मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर पर भक्त दर्शनार्थ पहुंचे। वहीं शाम को शुभ मुहुर्त में लोगों ने अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर पूजा की। वहीं दीपावली पर पूरा शहर रोशनी से जगमगा रहा था। शहर का हर कोना रंगबिरंगी झिलमिलाती रोशनी से जगमगा उठा।*

*उल्लेखनीय है कि उत्साह-उल्लास और उजास के महापर्व दीपावली पर घर-घर देवी महालक्ष्मी का आह्वान कर उनका पूजन किया गया। शहर के गली, मोहल्ले और चौराहों के साथ कोना-कोना रोशनी से दमक उठा। रंगारंग आतिशबाजी और बड़े-छोटे पटाखों की गूंज ने उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया। इस मौके पर शहर के प्राचीन मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगीं। उत्सव का असली रंग शाम ढलने के साथ बढ़ता गया। महिलाओं ने घर के द्वार पर रंगोली सजाई, चौघडिय़ा देख शुभ मुहूर्त में पूजन किया गया। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगकर दीपावली की बधाई दी। सोशल मीडिया पर भी दिनभर एक-दूसरे के मंगलमयी जीवन की कामना नाते-रिश्तेदारों, साथियों और स्नेहीजन को दी गई। इस मौके पर रविवार को शुभ मुहुर्त में लक्ष्मीजी, सरस्वती एवं गणेशजी की सामूहिक पूजन हुई। तत्पश्चात घरों के आगे दीपक सजाकर प्रकाश किया गया। इस मौके पर बच्चों एवं युवाओं ने जमकर पटाखे फोड़े। वहीं शुक्रवार को घर-घर में भगवान गोवर्धन की पूजन हुई। इस दौरान घरों में गोबर के गोवर्धन बनाए गए। गुरुवार को देर रात्रि तक आसमान पटाखे गूंजते रहे। मिठाई, फूल और पूजन सामग्री की दुकानों पर रही भीड़*

*दीपावली पर मिठाई की दुकानों पर खरीदारों की कतारें लगी रहीं। शहर में सडक़ किनारे लगी दुकानों पर भी खरीदार उमड़े। पूजन सामग्री की दुकानों पर भी धानी, बताशे, कमल गट्टे आदि की खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। जहां जयस्तंभ चौराहे से बड़े पुल तक दोनों ओर सैकड़ों फूल वालों ने दुकानें लगाई। वहीं हाट रोड पर दोनों ओर फुटपाथ सभी ने दुकानदारी की।*

*__आज मनेगी भाईदूज :__ पांच दिवसीय पंच महोत्सव के अंतिम शनिवार को भाईदूज का त्यौहार मनाया जाएगा। इसी के साथ अंचलभर में सामूहिक अन्नकूट का दौर भी शुरू हो जाएगा। इधर कायस्थ समाज द्वारा यमद्वितीया पर भगवान यम की पूजन की जाएगी। भाईदूज पर घर-घर में बहनें अपने भाई के माथे पर तिलक लगाएंगी। इसी के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का महापर्व का समापन हुआ। दीपावली के दूसरे दिन बाजार में सूनापन रहा। जो शनिवार को भी रहेगा।*

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आग लगने से एक एकड़ की धान की फसल जलकर राख



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर से सटे ग्राम कामथ में रविवार की दोपहर एक किसान के घर के बाजू में खरई लगाकर रखी गई धान की फसल एवं पशु चारे में आग लग जाने के कारण एक एकड़ की धन की फसल जलकर राख हो गई। नगरपालिका के फायर कर्मचारी सुमित पूरी ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 12.05 बजे ग्राम कामथ में रामदास साहू के मकान के बाजू में रखी धान की खरई एवं पशु चारे में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। आग लगने की सूचना मिलते ही नगर पालिका की फायर टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई गई। आग लगने के कारण रामदास साहू के खेत की काटकर रखी एक एकड़ की धान की फसल जल गई। आग बुझाने में फायर कर्मचारी राहुल चंडालिया, भूपेंद्र राठौड़ की विशेष भूमिका रही।

### ब्रह्माकुमारीज् केंद्र में किया सम्मान

**मुलताई, देशबन्धु।** दीपावली के पावन पर्व पर ब्रह्म कुमारी केंद्र पर शाखा के पुराने ब्रह्मा वत्स भाई बहनों का सम्मान किया गया ।ब्रम्हकुमारी बीके मालती बहन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रजलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में मालती बहन ने उपस्थित जनों को दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए दिवाली में गुणों के दीप एवं मधुरता की मिठाई,आत्मिक स्मृति का तिलक, स्वयं के आसुरी संस्कारों की जानकारी दी। इस दौरान ब्राह्मण जीवन का अभी तक का अनुभव भी कई भाई बहनों ने सुनाया। वहीं शाखा के पुराने ब्रह्म वत्स भाई बहनों का सम्मान कर हर्षोल्लास के साथ दीपावली मनाई गई। कार्यक्रम में संस्था की केंद्र संचालिका बीके मालती बहन,बीके लक्ष्मी बहन, बीके सुनीता बहन,बीके स्वाती बहन सहित संस्था के सभी सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए।

### महालक्ष्मी मंदिर मंडल में विराजी अष्टधातु की प्रतिमा

**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी बम चौक गुरु साहब वार्ड माता महालक्ष्मी मंदिर मंडल में मां लक्ष्मी की सुंदर प्रतिमा की स्थापना की गई, समिति सदस्य जितेंद्र जैन ने बताया कि अष्टधातु माता महालक्ष्मी मंदिर समिति द्वारा विगत 42 वर्षों से लगातार माता महालक्ष्मी मंदिर की स्थापना प्रतिवर्ष की जा रही है।, दीपावली के दो दिन पूर्व धनतेरस के दिन मां लक्ष्मी विराजती है, वहीं वर्ष 2013 में समिति की सदस्य द्वारा अष्टधातु माता महालक्ष्मी मंदिर का निर्माण जन सहयोग द्वारा किया गया द्य पूरे क्षेत्र में अष्टधातु से बनी माता महालक्ष्मी मंदिर का यह एकमात्र मंदिर है माता महालक्ष्मी के दर्शन एवं पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से भक्तगण पहुंचते हैं द्य वही समिति द्वारा लक्ष्मी उत्सव पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है इन सभी कार्यक्रमों में समिति के सभी सदस्य बढ़ चढ़कर अपना योगदान देते है।

# सड़क किनारे नाली में मिला शव, एएसआई और पार्षद ने निकाला बाहर

▸ **शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए शव भिजवाया अस्पताल**



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के पटेल वार्ड में सोमवार सुबह सड़क किनारे कच्ची नाली में एक अज्ञात शव पड़ा होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जहा पर वार्ड वासियों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव बाहर निकालने का कहा लेकिन कोई भी शव को बाहर निकालने के लिए तैयार नहीं हुआ, न ही नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद स्वयं वार्ड पार्षद सुरेश पौनीकर और जांच करने मौके पर पहुंचे एएसआई महेश धाकड़ ने शव को बाहर निकाला, शव के बाहर निकालने के बाद उसकी शिनाख्त जय स्तंभ चौक के पास रहने वाले चंदू ऊर्फ चंद्रकांत धोटे के रूप में हुई। हालांकि वह घर में अकेले ही रहते थे, उनकी मां पटेल वार्ड में उनके भाई के घर रहती है। लोगों ने बताया की वे अकसर शराब के नशे में शहर में घूमते हुए देखे जाते थे, वे पटेल वार्ड में उक्त स्थान पर कैसे पहुंचे किसी को कोई जानकारी नहीं है। मौके से शव को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहा शव का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।

**नाली भरवाने और लाइट की मांग लेकर वार्ड वासी पहुंचे एसडीएम कार्यालय:** सड़क किनारे नाली में शव मिलने से वार्ड में सनसनी फैल गई थी वार्ड वासियों ने बताया कि उक्त स्थान पर अंधेरा रहता है और नाली भी गहरी है जिसके कारण यह हादसा हुआ यदि इसे ठीक नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में भी और हादसे होने की संभावना है। जिसको देखते हुए वह एसडीएम कार्यालय पहुंचे और उन्होंने तत्काल नाली को भरवाने और उक्त स्थान पर लाइट लगवाने की मांग की।

### इनका कहना है

सड़क किनारे नाली में डूबने से मौत होने की सूचना मिली है, नगर पालिका सीएमओ को तत्काल उक्त स्थान पर लाइट लगवाने और नाली को भरवाने हेतु दिशा निर्देश दिए गए हैं।

तृप्ति पटैरया, मुलताई एसडीएम

## मंगोना कला बस स्टॉप पर बस से उतरे युवक को बाइक सवार ने मारी टक्कर



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के मंगोना कला बस स्टॉप पर सोमवार दोपहर मुलताई से बस में सवार होकर मंगोनाकला बस स्टॉप पर उतरे युवक को प्रभात पट्टन की ओर से आ रहे हैं एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिसके चलते वह युवक सड़क किनारे जा गिरा और उसका थैला भी दूर फिका गया। युवक को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार अनियंत्रित हो गया और वह भी आगे जाकर सड़क पर गिर पड़ा। जिसके चलते उसे भी गंभीर रूप से चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों युवकों को उठाया और प्रभात पट्टन से एंबुलेंस बुलाकर बाइक सवार युवक को अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया की बाइक सवार युवक लापरवाही पूर्वक शराब पीकर तेज गति से बाइक चला रहा था, जिसके चलते यहां हादसा हो गया, गनीमत रही की बस से उतरा युवक गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

## दीपावली की रात सड़क हादसा, ससुर-दामाद की मौत, 1 घायल



**सारनी, देशबन्धु।** दीपावली मनाने जा रहे हैं ससुर और दामाद की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। घटना रानीपुर थाना के जुवाडी गांव के पास की बताई जा रही है। घटना की जानकारी लगते ही रानीपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ 304 ए का मामला पंजीकृत कर सोमवार को गाड़ी जप्त कर ली। रानीपुर थाना प्रभारी अवधेश तिवारी ने बताया कि शोभापुर गांव में निवास करने वाले 40 वर्षी मंदरु धुर्वे घोड़ाडोगरी से शोभापुर की तरफ जा रहे थे कि बैतूल से पाथाखेड़ा की ओर जा रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 48 सीए 2171 ने घोड़ाडोगरी की तरफ से आ रही हीरो कंपनी की मोटरसाइकिल एमपी 48 एम आर 8540 को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 40 वर्षीय मंदरु धुर्वे की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 26 वर्षीय दामाद साजन कुमरे गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई। इनका तीसरा साथी 25 वर्षय विकास कुमरे गंभीर रूप से घायल है। उसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार किया जा रहा है। बताया जाता है कि कार वेस्टर्न कोलफील्ड पाथाखेड़ा के कर्मचारी की है। सोमवार को रानीपुर पुलिस ने 40 वर्षीय मंदरु धुर्वे और साजन कुमारे के शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिजनों को सौंप दिया।

## कांग्रेस नेत्रियों ने घर-घर जनसंपर्क कर डागा के लिए मांगे वोट



**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधान सभा के कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा का चुनाव प्रचार चरम पर है। कांग्रेस नेत्री पूजा अतुलकर, मोनिका राठौर , मंजू पिपरदे, तथा संगीता राठौर के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिलाएं हाथों मे कांग्रेस का झंडा लिए डोर टू डोर पहुंचकर निलय डागा के लिए समर्थन जुटाने में लगी हुई हैं। महिलाओं का हुजूम आज सुबह से ही अपने मिशन पर निकल चुका था। महिला वर्ग ने अपने प्रचार की शुरुवात अंबेडकर वार्ड और प्रताप वार्ड से की जहाँ कांग्रेस जिंदाबाद के नारे लगाते हुए महिलाएं वार्ड के प्रत्येक घरों में पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने लोगों को बताया की बैतूल विधायक निलय विनोद डागा ने अपने कार्यकाल में विधान सभा मे रहने वाले हर परिवार के सुख दुख का ख्याल रखा।

# बीच शहर में बिक रहे पटाखे, पुलिस और नपा ने की कार्रवाई

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के बीचों-बीच मुख्य मार्ग पर लगी विभिन्न दुकानों के बीच दीपावली के दिन पटाखे की दुकान भी लगाकर कुछ व्यापारी अपनी स्वयं एवं आसपास के लोगों की जान जोखीम में डालकर पटाखे बेच रहे थे। पटाखा विक्रय नियम के अंतर्गत भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में पटाखे बेचना प्रतिबंधित है, जिसका उल्लंघन करते पाए जाने पर मुलताई पुलिस एवं नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की और चार दुकानों पर कार्यवाही करते हुए करीब 15 से 20 हजार रुपए के पटाखे जप्त कर चालान फाड़े। नगर पालिका की ओर से आरआई रतनलाल भलावी एवं एएसआई विजय जोठे के साथ पुलिस कर्मी और नपा कर्मी मौजूद रहे। उन्होंने बताया की नगर के बीचों बीच मुख्य बाजार में दुकान लगाकर फटाखे बेचने के शिकायत मिली थी जिस पर कार्यवाही करते हुए थाने के सामने मुल्ला जी की दुकान, गणेश मंदिर के पास मराठा जी की दुकान, फव्वारा चौक पर साहु जी और शिवहरे जी की दुकान पर से करीब 15 से 20 हजार रुपए के फटाखे जप्त किए गए है।



**पहले भी कीथी कार्रवाई:** नगर के रिहायशी इलाके गांधी चौक में भी विगत दिनों पटाखों के भंडारण की शिकायत मिलने पर पुलिस ने कार्रवाई की थी, जहां से लाखों रुपए के पटाखे जप्त किए गए थे। उस समय भी हिदायत दी गई थी कि रिहायशी क्षेत्र में ना तो पटाखे का संग्रहण किया जाए और ना ही पटाखे का विक्रय किया जाए, बावजूद इसके रविवार दीपावली के दिन कुछ लोगों ने दुकान में लगाकर पटाखों का विक्रय शुरू कर दिया था जिनके खिलाफ कार्यवाही की गई ।

## सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने बेतवा में लगाई डुबकी

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** इस वर्ष दिपावली पर सोमवती अमावस्या का संयोग रहा। इसके चलते सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ बेतवा घाट पर स्नान पूजन के लिए लगने लगी थी। सोमवार को बेतवा रिक्शा घाट पर डुबकी लगाकर पूजा दर्शन की वहीं महिलाओं ने तुलसी पूजन का परिक्रमा किए साथी शहर के विभिन्न मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए।



## कांग्रेस प्रत्याशी निशंक जैन ने किया जनसंपर्क

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्याशी निशंक जैन ने वार्डों में जनसंपर्क किया। वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से वोट देने की अपील की। साथ ही कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने कांग्रेस के वचन पत्र और वर्तमान में वार्ड की समस्याओं को पूरा करने का वचन देते हुए, कांग्रेस प्रत्याशी निशंक जैन के लिए समर्थन मांगा। प्रचार के दौरान कांग्रेस, युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



## नड्डा की बाड़ी और शिवराज की बरेली में चुनावी सभाएं आज

**भाजपा नेताओं ने सभा स्थल का लिया जायजा**



**रायसेन, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के चलते चुनाव प्रचार पूरे जोरो के साथ चल रहा है। मंगलवार को दोपहर 2 बजे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के बड़ी में भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र पटवा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र के बरेली में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र पटेल के पक्ष में चुनावी आम सभा लेने आएंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं उदयपुरा विधानसभा चुनाव के प्रभारी भाजपा नेता सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि मंगलवार को दोनों ही वरिष्ठ नेताओं की सभाएं होने जा रही हैं। सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनकर ने जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के साथ बाड़ी पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा की होने वाली चुनावी जनसभा स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को तैयारी के संबंध में उचित मार्गदर्शन दिया।

**चुनाव अधिकारी ने व्यवस्थाओं से कराया अवगत**

# प्रेक्षक ने औबेदुल्लागंज में मतदान सामग्री वितरण तैयारियों का लिया जायजा



**रायसेन, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायसेन जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 141-भोजपुर के लिए सामान्य प्रेक्षक जेपी मीना ने औबेदुल्लागंज में मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री का अवलोकन किया। सामान्य प्रेक्षक मीना को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव द्वारा मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री तथा सामग्री वितरण हेतु की जा गईं तैयारियों से अवगत कराया गया।

**मतदाताओं को वितरित की जा रही क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रायसेन जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ द्वारा घर-घर पहुँचकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची (वोटर स्लिप) का वितरण किया जा रहा है। मतदाताओं को पहली बार क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। क्यूआर कोड वाली मतदाता पर्ची के माध्यम से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का क्रमांक, राज्य और जिले का हेल्पलाइन नंबर जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।



## घोड़ाडोंगरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी उइके के समर्थन में किया जनसंपर्क



**बैतूल, देशबन्धु।** एनएसयूआई जिला अध्यक्ष जैद खान ने सोमवार को घोड़ाडोंगरी विधानसभा 132 में कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके के समर्थन में घोड़ाडोंगरी एवं शाहपुर ब्लॉक में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि वक्त बदलाव का है आपका एक वोट विधानसभा क्षेत्र की तकदीर बदल देगा। उन्होंने बताया कि भाजपा शासन काल में विधानसभा क्षेत्र विकास से कोसों दूर है, कांग्रेस की सरकार बनने पर क्षेत्र का प्राथमिकता के साथ विकास किया जाएगा। खान ने कांग्रेस की आगामी योजनाओं से मतदाताओं को अवगत कराते हुए बताया कि मध्य प्रदेश की भर्तियों में नियम विरुद्ध अपात्रों की भर्ती, पेपर लीक करते हुए भाई भतीजावाद एवं भ्रष्टाचार हुआ है इसकी जांच कराएंगे। कांग्रेस की सरकार बनने पर तीन सदस्य जांच आयोग गठन करेंगे। पटवारी भर्ती परीक्षा व अन्य घोटालों की नए सिरे से जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ताकि प्रदेश के युवाओं को न्याय मिल सके। जैद खान ने मतदाताओं को आश्वस्त किया कि कांग्रेस उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सुधार के लिए वचनबद्ध है।

## सार समाचार

### श्रमिकों को मतदान के लिए किया गया प्रेरित



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत सोमवार को नर्मदापुरम जिले के तहसील इटारसी विकासखंड केसला में औद्योगिक क्षेत्र किरतपुर एवं ग्राम काला आखर, नया जामुन ढोल, गाजनिया बेड़ा में श्रमिको को 17 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। साथ ही श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों को निर्वाचन संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई तथा कार्यरत श्रमिको से जिले में मतदान शत प्रतिशत कराने हेतु प्रतिज्ञा भी दिलाई गई। उपस्थित श्रमिको को विधानसभा निर्वाचन दिवस पर सार्वजनिक अवकाश के सम्बंध में जानकारी भी दी गई।

फोटो श्रमिक

### सामग्री वापसी के लिए नियुक्त कर्मचारियों का प्रशिक्षण आज

नर्मदापुरम/13,नवंबर,2023/ विधानसभा निर्वाचन 2023 के अन्तर्गत मतदान समाप्ति उपरान्त सामग्री जिला स्तर पर जमा किया जाना है। सामग्री जमा करने के लिए नियुक्त कर्मचारियों का प्रशिक्षण 15 नवंबर को प्रातः 11:30 बजे से कलेक्ट्रेट के रेवा सभा कक्ष में आयोजित किया गया है। पहले शिफ्ट में 11:30 बजे से 1:30 बजे तक सोहागपुर एवं पिपरिया तथा दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक सिवनी मालवा और नर्मदापुरम विधानसभा में कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।


### वाहनों का अधिग्रहण शुरू, विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने 10 गाड़ियां थाने में खड़ी कराई

**इटारसी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 17 नवंबर को होने जा रहे हैं। पुलिस ने वाहनों का अधिग्रहण करना शुरू कर दिया है। सोमवार को इटारसी थाने के सामने चार पहिया वाहनों का अधिग्रहण किया गया। इस दौरान करीब 10 वाहनों को पुलिस ने अधिग्रहण किया है। यातायात प्रभारी सुनील घावरी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर वाहनों के अधिग्रहण की कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 10 वाहनों का अधिग्रहण किया जा चुका है। 17 नवंबर को मध्य प्रदेश में एक ही चरण में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इसको लेकर प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां पूरी की जा चुकी है। वाहनों को अधिग्रहण किया जा रहा है। चुनाव को लेकर शहर में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च भी किया जा चुका है। प्रशासन द्वारा पोलिंग बूथ सहित अन्य प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली है। विधानसभा चुनाव को महज 5 दिन शेष बचे हैं। प्रशासन और पुलिस वाहनों के अधिग्रहण के कार्य में देखी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 17 नवंबर को वोटिंग सुबह 7 से शाम 6 तक होगी। 3 दिसंबर को चुनाव का परिणाम आएगा।

दीपावली पर जमकर हुई खरीदारी

# आतिशबाजी से रंगीन रहा आसमान

- परम्परागत तरीके से मनाया दीपावली पर्व
- घर व प्रतिष्ठानों में हुआ पूजन



**इटारसी, देशबन्धु।** शाम को शुभ मुहूर्त में पूजन के बाद छह बजे से नगर में पटाखों की गूंज सुनाई देने लगी थी। देर रात तक आसमान आतिशबाजी से रंगीन रहा। शाम को जल्दी पूजन का मुहूर्त होने से शाम 6 बजे से ही पटाखे फोड़कर धमाका करने की शुरुआत हो गयी थी। देर शाम तक पटाखा बाजार में काफी भीड़ रही।

दीपावली के दिन सुबह से लेकर दिनभर खरीदारी के साथ घर की सजावट पर समय खर्च हुआ। इन तैयारियों के साथ लोगों को इंतजार था शाम होने का। शाम को पूजा के साथ ही पर्व का उत्साह उफान पर आ गया। पूरा नगर दीपों की रोशनी से जगमगाने लगा पटाखों की धूम के साथ ही रंगीन आतिशबाजी से आसमान सतरंगी हो गया। दीपावली पूजन के साथ ही बधाइयों का सिलसिला भी चला और सोशल मीडिया के साथ ही लोगों ने अपनों को टेलीफोन पर बधाई दी।

भले ही दीपावली के 5 दिनी उत्सव की शुरूआत भले ही धनतेरस से हो गई थी, लेकिन असली रोमांच दीपावली का ही होता है। द महिलाओं ने दिन भर पकवान बनाये तो घर के दरवाजे पर रंगोली सजाई गई। शाम को मुहूर्त पर प्रतिष्ठान व घरों में विधि-विधान से मां लक्ष्मी व गणेश की पूजा की गई। दरवाजे और छत पर मिट्टी के दीपक रखे गए, जिससे नगर अद्भुत रोशनी से जगमगाने लगा।

इसके बाद शुरू हुआ धूम मचाने का सिलसिला, जिसमें बच्चे और बड़े भी शामिल हो गए। किसी ने तेज आवाज के पटाखे चलाकर पर्व के उत्साह का शंखनाद किया तो बच्चों ने सतरंगी रोशनी बिखेरने वाली आतिशबाजी चलाई। देर रात तक आतिशबाजी चलती रही।

### जमकर चमका बाजार

दीपावली का बाजार जमकर चमका। दीवाली की खुमारी में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सराफा, इलेक्ट्रानिक्स, इलेक्ट्रिक आयटम, कपड़ों के अलावा दीवाली की मिठाई और पूजन सामग्री की भी आज खूब खरीदारी हुई। आज शहर से लेकर ग्रामीण अंचल के लोगों ने दीपावली में अपने जरूरत के सामानों की जमकर खरीदारी की। दीपावली को लेकर बाजारों में छाई रौनक से व्यापारी वर्ग उत्साहित रहा। रोशनी और समृद्धि का पर्व दीपावली पर रविवार को भी आमतौर पर सूना रहने वाला बाजार गुलजार रहा। पांच दिवसीय पर्व के तीसरे दिन दीपावली का उल्लास शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी छाया है।

### मिट्टी की मूर्तियों की डिमांड

वैसे तो पटाखा बाजार, खील-बताशे, दीये, रूई, लक्ष्मी मूर्ति, सजावट सामग्री की बिक्री पिछले करीब चार दिन से शुरु हो गयी थी। लेकिन आज भी लोगों ने मिट्टी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां खरीदी। आज फूल-माला, फूल, केले और आम के पत्ते भी खूब बिके। लोगों ने अपने घरों को सजाने के लिए इनकी जमकर खरीदारी की। फूलपत्ती का बाजार नगर पालिका के पीछे एमजीएम कालेज वाणिज्य संकाय रोड पर लगा था। इसके अलावा मृत्युंजय टाकीज के आसपास और गांधी मैदान के सामने मेन रोड पर भी बाजार लगा था।

### यहां लगा था बाजार

गांधी मैदान के भीतर लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, खील-बताशे, कमल के फूल, दीये, लक्ष्मी-गणेश के पोस्टर सहित अन्य पूजन सामग्री का बाजार लगा था। आज रात में मिट्टी के कच्चे दीपकों से परंपरानुसार रोशनी कर दीपावली पर्व मनाया जाएगा। बिजली के रंग-बिरंगे बल्ब व लड़ियों से घर, दुकानों व प्रतिष्ठानों की सजावट की गई है। अन्न-धन और लक्ष्मी की कामना के साथ खरीददारी करने वालों ने देवी लक्ष्मी व भगवान गणेश की प्रतिमा की खरीदारी की। शहर के प्रतिष्ठानों की सजावट एक से बढ़कर एक नजर आ रही है। प्रतिष्ठानों व घरों के समक्ष केले के पौधे लगाकर मां लक्ष्मी का स्वागत किया गया है। बाजार में देवी-देवताओं की मिट्टी की प्रतिमाओं की जमकर बिक्री हुई। मां लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा अर्चना को ले गये। श्रद्धालु बाजार में मिट्टी की मूर्तियों से लेकर पीतल व चांदी की मूर्तियां भी खरीदी गई। सभी ने अपने सामर्थ्य के अनुसार खरीदी की है।

मतदान के 48 घंटे पहले प्रचार प्रसार होगा बंद

# मतदाता पर्ची का शीघ्र वितरण कराएं : जिला निर्वाचन अधिकारी



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि 15 नवंबर से शाम 6 बजे से डोर टू डोर संपर्क के अतिरिक्त राजनैतिक प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध रहेगा। सभा, जुलूस, वाहन की अनुमति नहीं दी जाए।

जिले में पर्यटकों को छोड़कर बाहर से आए लोगों को चुनाव क्षेत्र छोड़ने के लिए सूचित करें। होटल सराय आदि की निरंतर जांच की जाएं। कलेक्टर ने ईवीएम मशीनों के संबंध में निर्देश दिए कि सभी विधानसभाओं में 2-2 बेल के इंजीनियर मौजूद रहेंगे। जो मतदान दिवस पर ईवीएम मशीन में खराबी की सूचना पर माइक्रो ऑब्जर्वर के साथ शीघ्र केंद्र पर पहुंचकर सुधार एवं मशीन के रिप्लेसमेंट की कार्यवाही करेंगे।

उन्होंने सभी सेक्टर अधिकारियों और बेल के इंजीनियरिंग के पास एक-एक अतिरिक्त ईवीएम मशीन रखे जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी स्थैतिक निगरानी दलों और फ्लाइंग स्क्वायड टीम को पूरी सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के वाहनों की सघन जांच की जाए और निर्वाचन को प्रभावित करने वाली सामग्रियों पर कार्यवाही करें। उन्होंने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को एसएसटी और एफएसटी की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से मतदाता पर्ची वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदाताओं को मतदाता पर्ची का शीघ्र वितरण कराएं। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर को मतदान कर्मियों का थर्ड रेंडमाइजेशन किया जाएगा। उन्होंने मतदान कर्मियों की चिकित्सा सुविधा सहित मानदेय सहित अन्य सुविधाओं के संबंध में रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया। बताया गया कि जिले में कुल 1187 मतदान केंद्रों में से लगभग 750 मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। जिसकी कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम से मतदान केंद्रों पर निगरानी की जाएगी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल के पिताजी का निधन

### अंतिम यात्रा में भाजपा विधायक सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



- सज्जन और गऊ पुरुष की उपमा दी जाती हैं स्व. महेंद्र पटेल को
- पुष्पराज को विधायक बनते देखना चाहते थे उनके पिता

**सोहागपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल के पिताजी श्री महेन्द्र सिंह पटेल का नर्मदापुरम के एक निजी अस्पताल में बीती रात निधन हो गया। बीमारी के चलते बीते कई दिनों से उनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने बीती शनिवार रात अंतिम सांसें ली। दीपावली का पर्व है, लोग पूजन के चलते गमीं में नहीं जाते परन्तु स्व. महेंद्र पटेल की सज्जनता मधुर व्यवहार के व्यक्ति थे राजनीति से दूर साधारण किसान की छवि से पूर्ण थे, यही सादगी उनके पुत्र पुष्पराज में दिखाई देती है। ऐसे दिव्य पुरुष का रविवार सुबह उनके पैतृक गांव भोखेड़ी में अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में विधानसभा क्षेत्र सहित जिले भर के नागरिक व कांग्रेसी सहित भाजपाई उपस्थित रहे। अंतिम संस्कार के बाद उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। पुष्पराज के पिता का व्यक्तिव ऐसा था कि कोई भी चूकना नहीं चाहता था। जिसके चलते अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए क्षेत्रीय विधायक व भाजपा प्रत्याशी विजयपाल सिंह भी ग्राम भौखेड़ी पहुंचे और श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस प्रत्याशी के पिताजी के निधन के चलते रविवार को कांग्रेस कार्यालय बंद रहा और क्षेत्र में कांग्रेसियों द्वारा प्रचार भी नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है पटेल की जगह हम प्रचार करेंगे हम सभी पुष्पराज हैं, क्षेत्र का बच्चा-बच्चा पुष्पराज हैं इस कठिन घड़ी में सभी उनके साथ है।

**कांग्रेस का टिकट वापस कर भाई को दिया**- जानकारों ने बताया कि 2003 में सोहागपुर नई विधानसभा बनीं तब गुर्जर बहुल होने के कारण कांग्रेस ने पुष्पराज पटेल के पिता साधारण किसान के रूप में स्व. महेंद्र पटेल को टिकट दिया। यह खबर समाचार चैनलों में चलने लगी, तब उन्होंने राजनीति से दूर रहते हुए अपने छोटे भाई मेहरबान पटेल को टिकट दिला दी थी। वह हमेशा समाज सेवा में रहे जबकि उनके पुत्र पुष्पराज बचपन से ही राजनीति में रुचि रखते थे, लोगों के लिए हक के लिए लड़ते और समाजसेवा करते थे। उनके पिता ने उन्हें कभी नहीं रोका बल्कि उत्साहवर्धन किया। जब इस बार पुष्पराज को कांग्रेस से टिकट मिलने की जानकारी लगी वह खुश हुए बीमारी के बाद भी बेटे को लोगों की भलाई करने के जज्बे को देखते हुए आशीर्वाद दिया। अपना अंतिम समय पास आने पर उनमें जीने की लालसा थी और मोक्ष प्राप्त करने के पहले पुष्पराज को विधायक बनता देखना चाहते थे, लेकिन ईश्वर ने उन्हें पहले ही अपने पास बुला लिया। बरहाल वह लोगों के दिलों में हमेशा रहेंगे।पुष्पराज ने नगर में नंगे पैर किया प्रचार- पुष्पराज पटेल ने सोमवार को नगर के समस्त वार्डों सहित मुख्य बाजार में प्रचार-प्रसार किया ।पटेल ने नंगे पैर प्रचार करते हुए अपने लिए वोट मांगा, पुष्पराज ने बताया कि रविवार को पिता का अंतिम संस्कार किया, चुनाव की घड़ी है घर से निकलने का मन नहीं था पर कार्यकर्ताओं और परिजनों ने कहा प्रचार पर तो चलना है, पिता भी यही चाहते थे। वह मेरे हर सवाल का जवाब थे और धार्मिक रिवाज निभाते और संस्कारों को करते हुए मैं नंगे पैर प्रचार पर निकला हूं, जनता स्वयं समझदार है, उनसे मैं क्या मांगू, मुझे भरपूर समर्थन मिल रहा है।

# अनियंत्रित होकर पलटी ट्राली, 15 घायल

ग्राम काजरी से भूराभगत जाते समय हुई दुर्घटना



**सोहागपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय राजमार्ग 22 पर एक ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ग्राम काजरी से भराभगत जा रही इस ट्राली में सवार लोगों में से 15 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सोहागपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बताया गया कि आदिवासी समाज के लोग ग्राम कजरी में एक कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव भूराभगत लौट रहे थे, तभी सोहागपुर में स्टेट हाईवे 22 पर सामने से आ रहे ट्रक को साइड देने की कोशिश में चौड़ीकरण कार्य के दौरान खोदी गई सड़क से नीचे की तरफ पलट गई। घटना स्थल के सामने स्थित आसपास के लोगों ने ट्राली को सीधाकर मजदूरों की जान बचाई, जिसमें कई मजदूर दब गए थे। 15 को चोटें आने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। अन्य को मामूली चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

स्थानीय लोग इस घटना के पीछे ठेकेदार की लापरवाही को जिम्मेदार मान रहे हैं।

उनका कहना है कि सड़क निर्माण ठेकेदार ने गणेश चतुर्थी के पहले रोड को खोद दिया था, परंतु सड़क नहीं बनाई गई। डोल ग्यारस और दशहरा जैसे बड़े त्यौहार निकल गए, दीपावली हो गई। परंतु सड़क नहीं बनी नागरिकों ने मांग की है कि ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए, आज बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। यदि जल्द ही सड़क नहीं बनीं तो चौराहे पर बड़ा हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता हैं।

भाजपा प्रत्याशी ने किया ग्रामीण अंचलों में जनसंपर्क

# किसानों को बिजली, सड़क की सुविधा मिलने से परेशानी हल हुई



### शेष विकास कार्य कराये जाएंगे

**इटारसी, देशबन्धु।** जब हम पहली बार विधायक बने थे, न सड़कें थी और ना ही बिजली मिलती थी। बिजली नहीं मिलने से किसानों को खेती करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था, सड़कें नहीं होने से मंडी में अनाज लाने में खासी परेशानी उठानी पड़ती थी। हमने गांवों में रहने वाले किसानों की इस समस्या का नजदीक से महसूस किया और प्राथमिकता से बिजली समस्या का हल कराने सरकार से बिजली के सब स्टेशन स्वीकृत कराये, पूरे विधानसभा क्षेत्र में इतने विद्युत सब स्टेशन हो गये कि अब बिजली की ट्रिपिंग, भार बढ़ने से आने वाले फाल्ट जैसी समस्याएं पूरी तरह से खत्म हो गयीं। सड़कें बनने से अब किसानों की बड़ी परेशानी का हल हो गया है।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ. सीतासरन शर्मा ने आज ग्राम हासलपुर सहित रोहना, डोंगरवाड़ा, रंढाल, बरंडुआ, तालनगरी, पर्रादेह, अंधियारी, खेड़ला, पलासडोह, बड़ोदिया, पालनपुर, नोहर सहित अनेक ग्रामीण अंचलों के अपने दौरे के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि सड़कों को बारहमासी बनाया गया है, खेतों के लिए पर्याप्त बिजली की व्यवस्था की गई है, गांव की सड़कों को पक्का किया गया है, गांवों को शहर से जोड़ने, रेलवे लाइनों को पार करने ओवरब्रिज और अंडर ब्रिज स्वीकृत कराये, कुछ बने और कुछ का काम चल रहा है। गांवों के लोग शहरों की सरकारी अस्पताल में आकर उपचार कराते हैं, अस्पताल भवनों की दशा ठीक नहीं थी, चिकित्सकों की कमी होती थी, इन सबका इंतजाम किया। अब जिला अस्पताल का बड़ा और आधुनिक व्यवस्थाओं वाला भवन बन रहा है, इटारसी में अस्पताल का भवन बनकर तैयार हो चुका है, बच्चों की केयर यूनिट भी लगभग पूर्णता की ओर है। सोनासांवरी रेलवे गेट पर ओवरब्रिज बन रहा है ताकि बिना किसी रुकावट के किसान मंडी में अनाज लेकर समय पर पहुंच सकें। डॉ. शर्मा ने कहा कि आईटीआई का आधुनिक भवन, ट्रेड बढ़ाने, महाविद्यालयों में अध्ययन के साथ खेल सुविधाएं जुटाने जैसे सैंकड़ों कार्य किये गये। भाजपा सरकार ने बच्चों को सायकिल, स्कूटी, लेपटॉप की व्यवस्था की ताकि बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहें। डॉ. शर्मा ने कहा कि कई कार्य ऐसे हैं जो वर्तमान में चल रहे हैं, ऐसे अनेक कार्य हैं, जो आगामी दिनों में होने हैं। उन्होंने मतदाताओं से 17 नवंबर को होने वाले चुनाव में अपने लिए वोट का अनुरोध करते हुए कहा कि विकास का यह पहिया रुकेगा नहीं बल्कि निरंतर चलेगा और यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है, आगामी समय में जो भी आवश्यकता होगी, किसी भी कारण से उसमें रुकावट नहीं आने दी जाएगी और जनता के अनुकूल विकास के कार्य कराये जाएंगे।

डॉ. शर्मा ने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों को सम्मान निधि दे रही है तो मध्यप्रदेश सरकार भी इसमें सहयोग कर रही है तो कि एक निश्चित सम्मान निधि किसानों के खाते में पहुंच सके। इस अवसर पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम के अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पीयूष शर्मा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राहुल सोलंकी, जनपद सदस्य चन्दन साहू, सरपंच माखन कीर, राजेंद्र मीणा, प्रज्वल राजपूत, गोकुल पटेल, मनोज चौरे, विनोद वर्मा, रामेश्वर मीना, कमल सिंह यादव (मल्लू), अशोक वर्मा, मांगीलाल यादव, उमेश मीना सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला से छेड़छाड़ का विरोध करने पर पति की हत्या करने वाले आरोपियों को सजा

**इटारसी, देशबन्धु।** करीब सात वर्ष पूर्व ग्राम नयापुरा में पत्नी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर ग्रामीण की हत्या करने वाले पांच आरोपियों को इटारसी कोर्ट ने अलग-अलग धाराओं में आजीवन कारावास, पंद्रह वर्ष और दस वर्ष की सजा सुनाई है।इटारसी कोर्ट में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुशीला वर्मा के आदेश पारित करने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया है। अपराध की पुष्टि के लिए कोर्ट में 42 दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। 24 साक्षियों की गवाही हुई। इनमें मृतक की पत्नी भी थी। अपर लोक अभियोजक भूरे सिंह भदौरिया ने मामले में पैरवी की है। हत्या के मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास, छेड़छाड़ में 15 वर्ष और गृह अतिचार में 10 वर्ष की सजा हुई है।

### यह था मामला

पथरोटा थानांतर्गत ग्राम नयापुरा में 14-15 अप्रैल की रात करीब डेढ़ बजे महिला और उसका पति लल्लू तिवारी घर में सो रहे थे। तभी घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर विनोद धुर्वे कमरे में घुस आया। विनोद उसे पकड़कर खींचने लगा। उसका पति भी उठ गया। उन्होंने बचाव किया। तब सुरेश धुर्वे और ललित तिवारी ने पति को पलंग की पाटी से मारा। पति के सिर, आंख के पास और पीठ में चोट लगी। जिससे वे नीचे गिर गए। झगड़े की आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने डायल 100 पर फोन करके पुलिस को बुलाया। एक आरोपी विनोद धुर्वे को पकड़ के रखा था। उसे पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में ओमप्रकाश मिश्रा और भालू उर्फ मनोरम कोरकू को भी लिप्त पाया गया। हादसे के चार दिन बाद लालू तिवारी उर्फ लाल बहादुर तिवारी की मौत हो गई। पथरौटा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके खिलाफ गृह अतिचार, बुरी नीयत से छेड़छाड़ और हत्या का केस दर्ज किया गया।

### इन्हें मिली सजा

ललित पिता जगदीश तिवारी निवासी टेमला हाल रहटगांव, विनोद पिता रामरतन धुर्वे निवासी धाईं पथरौटा, ओमप्रकाश पिता माहेश्वरी प्रसाद निवासी बजरंगपुरा इटारसी, सुरेश पिता रामरतन धुर्वे पथरौटा, भालू उर्फ मनीराम पिता धन्नूलाल कोरकू, छीपापुरा केसला को सजा सुनाई है।

# केंद्रीय निर्वाचन प्रेक्षक ने किया मतदान केंद्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक श्री आर गिरीश ने आज सिवनीमालवा विधानसभा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही स्ट्रांग रूम व बूथों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था परखी। विधानसभा चुनाव के लिए आगामी 17 नवंबर को मतदान होगा। इसकी तैयारियों को लेकर प्रेक्षक श्री आर गिरीश सिवनीमालवा पहुंचे। चुनाव पर्यवेक्षक ने पुरानी प्राथमिक शाला पहुंचकर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम व बूथों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था परखी। बूथों पर प्रकाश, पेयजल व साफ-सफाई आदि व्यवस्था कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप ही मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया जाए।

इस दौरान संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की जानकारी लेने के साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान निर्वाचन परीक्षक श्री आर गिरीश ने ग्राम गंजाल स्थित एसएसटी चेक पोस्ट का भी निरीक्षण किया।इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी सिवनीमालवा श्री प्रमोद गुर्जर मौजूद रहे।

# आचार संहिता में कुल 721 चालान, वसूले गए 6 लाख 67 हजार रुपए

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** आरटीओ निशा चौहान ने बताया कि परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आचार संहिता लागू होने के बाद से अभी तक नर्मदापुरम जिले के समस्त मार्गो पर दिन तथा रात्रि जांच व तलाशी अभियान के दौरान कुल 721 चालानी कार्यवाही की गई, जिसमे 667000 लाख रुपए राजस्व वसूला गया, आरटीओ की इस आचार संहिता में की गई कार्यवाही के दौरान 45 हूटर लगे निजी वाहनों से 106300 लाख रुपए, अनाधिकृत नंबर प्लेट तथा बिना नंबर प्लेट वाले कुल 366 वाहनों से 202000 लाख रुपए तथा अन्य 310 चालानों से 358700 लाख रुपए राजस्व वसूला गया। आचार संहिता में आरटीओ विभाग द्वारा स्वीप प्लान के तहत बाइक रैली का आयोजन किया गया, तथा वाहनों में स्टीकर तथा यात्रियों से सीधे संपर्क करके मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया, रात्रि गस्त व जांच में एसएसटी परिवहन चौकी के साथ संयुक्त जांच में 2 अलग - अलग कार्यवाही में लगभग 4 लाख नगदी जप्त की गई, तथा वाहनों को जांचा गया, जांच करने वाली टीम में आरटीओ अधिकारी श्रीमति निशा चौहान के साथ समस्त परिवहन विभाग का जांच दल शामिल रहा। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के अनुसार वाहनों के जांच की ये कार्यवाही आचार संहिता के बाद भी लगातार जारी रहेगी।

राहुल गांधी ने राजधानी में किया रोड़ शो, बोले-

# मप्र में डेढ़ सौ से अधिक सीटों के साथ कांग्रेस की सरकार बनेगी





**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने आज राजधानी भोपाल में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में रोड शो किया। इमामी गेट से शुरू हुए उनके रोड शो के दौरान बड़ी संख्या में जनसैलाब उमड़ा, इस दौरान उन्होंने जनता का अभिवादन भी किया। इसके बाद श्री गांधी ने नरेला विधानसभा क्षेत्र के अशोका गार्डन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी मंच पर मौजूद रहे।

राहुल ने कहा कि भाजपा सरकार जहां भी होती है, यह दो-तीन काम करते हैं। सबसे पहले पूरा का पूरा फायदा दो-तीन बड़े उद्योगपतियों को देते हैं। मोदी पूरा का पूरा फायदा अपने 1-2 उद्योगपति मित्रों को देते हैं, सारा काम अडानी जी को मिलता है, उन्होंने कहा कि पैसा जनता की जेब से जीएसटी के माध्यम से आता है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने भाजपा को हराया, हिमाचल में पराजित किया और अब कांग्रेस मध्यप्रदेश में 150 से अधिक सीट लेकर इन्हें हराने जा रही है। श्री गांधी ने केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे के वायरल वीडियो का जिक्र करते हुए भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा के सारे मंत्री और उनके मुख्यमंत्री सब के सब भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। महाकाल कॉरिडोर में, मिड डे मील का पैसा, व्यापमं घोटाला, पटवारी घोटाले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस मामले की कोई जांच नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी, शिवराज सरकार की कोई जांच नहीं करते। जांच एजेंसियों की खामोसी पर भी उन्होंने सवाल उठाए, कहा कि कोई इनकम टैक्स नहीं कोई सीबीआई नहीं कोई ईडी नहीं।

उन्होंने कहा कि याद रखिए पिछले विधानसभा चुनाव में आपने बीजेपी को नहीं चुना था, आपने कांग्रेस पार्टी की सरकार चुनी थी। यह जो सरकार है यह बीजेपी की सरकार है लेकिन चोरी की सरकार है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हर महिला के अकाउंट में हर महीने कांग्रेस पार्टी की सरकार 1500 रुपए खाते में डालेगी, बेटी के पैदा होने से लेकर उसके विवाह तक ढाई लाख रुपये आपको मिलेगा, हमने पिछली सरकार में किसानों का कर्ज माफ किया था, 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया था, प्रदेश के किसानों का कांग्रेस फिर से कर्जा माफ करने जा रही है। गेहूं 26 सौ रुपए प्रति क्विंटल और धान का 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य मिलेगा। बिजली का बिल सौ यूनिट माफ और 2 सौ यूनिट तक का हाफ मिलेगा।

शिवराज ने दर्जन भर से अधिक सभाएं की, पूछा-

# राहुल बताएं कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग के कितने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाए



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को प्रदेश भर की एक दर्जन विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार किया। श्री चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में श्योपुर, पोहरी, विजयपुर, सबलगढ़, जौरा, सुमावली, अटेर, भिण्ड, मेंहगांव, मुरैना, ग्वालियर और भोपाल समेत 13 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, कांग्रेसी बड़े परेशान हैं, वो कहते हैं कि, ये डेढ़ मुट्ठी का दुबला-पतला मामा कहां से आ गया, ये तो हमारी दाल ही नहीं गलने देता है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी रोज झूठ बोलते हैं। उन्होंने सवाल किया कि राहुल यह बताएं कि कांग्रेस ने कितने ओबीसी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाए।

मुख्यमंत्री ने इंडी गंठबंधन और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, राहुल गांधी जी आज मध्यप्रदेश आएं हैं और मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि, इंडी गठबंधन ने सनातन का अपमान किया, आप चुप रहे क्या ये आपकी मौन स्वीकृति है..? उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी इधर-उधर की बात करते हैं, वो ये बताएं कि, बरसों तक उनकी पार्टी का शासन रहा, कितने ओबीसी प्रधानमंत्री बने और मध्यप्रदेश में किस ओबीसी को मुख्यमंत्री बनाया। राहुल गांधी जी आपको इन सवालों का जवाब देना पड़ेगा।

श्री चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, अहंकारी कांग्रेस और कमलनाथ धमकी दे रहें हैं कि, खबरदार मेरी चक्की बहुत बारीक पीसती है, लेकिन तुम्हारी चक्की में तो कांग्रेस ही पिस रही है कमलनाथ। कमलनाथ सबको धमका रहे हैं कि, देख लूँगा, निपटा दुंगा, बहनों से कांग्रेसी कह रहे हैं कि, तुम्हारे घर के चूल्हे जलना बंद हो जाएंगे, बच्चे भूखे मर जाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि, सुन लीजिए कमलनाथ और दिग्विजय, मुझे कुछ भी कह देना कोई फ़र्क नहीं पड़ता, लेकिन मेरी बहन और भांजे-भाजियों की तरफ उंगली उठाई तो छोड़ूँगा नहीं। इतना अहंकार मत करो कमलनाथ ये जनता किसी को छोड़ने वाली नहीं है। श्री चौहान ने कहा कि, इस अहंकारी कांग्रेस को समाप्त करो, घमंड तो रावण और कसं का भी नहीं बचा तो कमलनाथ का घमंड कैसे बचेगा।

करोड़ों के लेन-देन का वीडियो में हो रहा जिक्र

# केंद्रीय मंत्री तोमर के बेटे का एक और वीडियो वायरल



## कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होने से पहले केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि करोड़ों के लेन-देन का जिक्र है। मगर, न तो ईडी का पता है और न ही आयकर की खबर। वहीं, भाजपा ने इसे फेक वीडियो करार दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक का कहना है कि 50 प्रतिशत कमीशन और शिवराज सिंह चौहान तो एक-दूसरे के पर्याय बन ही चुके हैं। अब, नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर के लगातार वायरल हो रहे वीडियो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण दे रहे हैं कि 50 प्रतिशत कमीशन के साथ-साथ 'काला-धन' भी भाजपा नेताओं का पर्याय बन चुका है। आज देवेंद्र तोमर का 500 करोड़ की हवाला डीलिंग का एक नया वीडियो वायरल हुआ है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर जो इस चुनाव में दिमनी से भाजपा प्रत्याशी भी हैं, उनके बेटे देवेंद्र तोमर का एक वीडियो कुछ दिन पहले वायरल हुआ। इस वीडियो में वो बड़ी आसानी से 100 करोड़, 39 करोड़, 21 करोड़, 18 करोड़ रुपए की लेन-देन की बात करते हुए प्रतीत हो रहे थे। इस वीडियो में देवेंद्र लखनऊ के एक बिचैलिए के जरिए माइनिंग कारोबारियों से काला धन लेने के लिए मल्टीपल बैंक अकाउंट के बंदोबस्त की जांच करते हुए दिख रहे थे। नए वायरल वीडियो में चंडीगढ़ से पैसे ट्रांसफर करने की बात होती दिख रही है। बिचौलिया कह रहा है कि हर महीने सीए बताएगा कि 50 करोड़ आने हैं या 100 करोड़ आने हैं या 500 करोड़ आने हैं और देवेंद्र बहुत ही मासूमियत से 'ठीक है, नो प्रॉब्लम' कहते हुए प्रतीत हो रहे हैं। फिर वो पूछते हैं कि पहले महीने में कितना आएगा और बिचौलिया कहता है 250 करोड़। बिचौलिए से कहते हैं कि तुम अपने अकाउंट में ले लो और वो कहता है कि 50 प्रतिशत इक्विटी स्टेक अपने पास रखिए।

भाजपा ने वीडियो को बताया फेक

## कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने इस वीडियो को फेक बताते हुए कहा है कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए फेक वीडियो जारी किए जा रहे हैं। इसकी शिकायत की गई है, जांच हो रही है। कांग्रेस भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तो 250 करोड़ से ज्यादा की रकम पकड़ी गई थी।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने संकल्प पत्र में किए गए वादों को गिनाया, बोले-

# हम मोदी की हर गारंटी पूरी करेंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कोरोना काल से देश के 80 करोड़ लोगों को दिए जा रहे मुफ्त अनाज देने की मुफ्त राशन योजना को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 वर्ष के लिए और बढ़ाने की घोषणा की है, उनका यह कार्य ऐतिहासिक है। श्री शर्मा ने कहा प्रदेश में मुफ्त अनाज के साथ हमने दाल, शक्कर और सरसों का तेल भी जोड़ा हैं, जिसके तहत रियासती दर पर दाल, सरसों का तेल और शक्तर उपलब्ध कराया जाएगा। इसकी घोषणा भाजपा के संकल्प-पत्र में की गई है। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी पूरी करेंगे।

श्री शर्मा ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत करते हुए संकल्प पत्र में की गई भाजपा की घोषणाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल जिलों में मेडिकल कॉलेज खोलने के साथ आईआईटी और आइआईएम की तर्ज पर राज्य में संस्थान खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि अब झूठी गारंटी के भरोसे कांग्रेस जनता को नहीं छल पाएगी। मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा एक बार फिर प्रदेश में सरकार बनाएगी। श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री जन आवास योजना भी शुरू कर रहे हैं, इस योजना में बचे हुए लोगों को मकान देने का कार्य किया जाएगा। आदिवासी क्षेत्रों में तेंदूपत्ता संग्रहण दर को 4 हजार रूपए करने का संकल्प आदिवासी भाई-बहनों के आर्थिक उत्थान के लिए किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा ने गरीब परिवारों के सभी छात्रों को पहली कक्षा से 12वीं तक की मुफ्त शिक्षा देने का संकल्प लिया है।

## लाड़ली बहनों को 3 हजार देंगे

श्री शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि एक हजार रूपए प्रति माह से शुरू हुई लाड़ली बहना योजना में महिलाओं को आगे 3 हजार रूपए प्रति माह देने की घोषणा की गई है, उसे भी पूरा किया जाएगा। साथ ही आवासहीन लाड़ली बहनों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के तहत पक्के मकान भी दिए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की सरकार में समर्थन मूल्य के साथ बोनस की व्यवस्था की जाएगी। समर्थन मूल्य पर भाजपा सरकार 27 सौ रुपए प्रति क्विंटल गेहूं और 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदेगी।

# भाजपा के दिग्गज नेता आज बांटेंगे पर्चियां

**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी बूथ स्तर तक चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओ के साथ कार्यकर्ता बूथ तक मतदाताओं से डोर -टू- डोर सम्पर्क और संवाद कर रहे हैं। बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रभारी और भाजपा के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने बताया कि 14 नवम्बर को प्रातः 10 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ मतदाता पर्ची वितरण का महाअभियान में पार्टी के दिग्गज नेता शामिल होंगे। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, प्रदेश चुनाव प्रभारी, मुख्यमंत्री, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक, प्रदेश अध्यक्ष, चुनाव सह प्रभारी, केंद्रीय मंत्रीगण और पार्टी के वरिष्ठ नेतागण सहित सभी कार्यकर्ता घर-घर मतदाता पर्ची वितरण कर मतदान की अपील करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीयय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश बैरसिया विधानसभा के बूथ क्र. 241 मुगालिया हाट, मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान सुवासरा विधानसभा के वार्ड क्र. 8 स्थित मतदान केन्द्र 269, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव भोपाल की दक्षिण पश्चिम विधानसभा के बूथ क्र. 63 शास्त्री नगर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा खण्डवा के हरिगंज बूथ, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव भोपाल के उत्तर विधानसभा बूथ क्र. 36 प्रभु नगर ईदगाह हिल्स, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर, डॉ. वीरेन्द्र खटीक टीकमगढ में पर्चियां बांटेंगे।

# पिछोर में भाजपा-कांग्रेस समर्थक भिड़े, केपी और प्रीतम के बीच हुआ विवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा क्षेत्र के करारखेड़ा गांव में भाजपा प्रत्याशी प्रीतम लोधी और कांग्रेस विधायक केपी सिंह के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। ग्रामीणों ने प्रीतम के काफिले के दर्जनभर वाहनों में तोड़फोड़ की। वहीं, प्रीतम के समर्थकों ने केपी सिंह के घर पर पथराव कर दिया। फायरिंग का भी आरोप लगाया गया है। विवाद की शुरुआत अपशब्दों के नारे लगाने को लेकर हुई।

पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी के बेटे और समर्थक की ओर से की गई शिकायत के बाद दो एफआइआर दर्ज कर ली हैं। कांग्रेस के टिकट पर केपी सिंह पिछले छह चुनाव से जीतते हुए आ रहे हैं। पिछले दो चुनाव में उन्होंने भाजपा के प्रीतम लोधी को हराया था। इस बार केपी सिंह पिछोर के बजाए शिवपुरी से चुनाव लड़ रहे हैं। दीपावली के एक दिन पहले ही वह पिछोर पहुंचे थे। रविवार को प्रीतम अपने समर्थकों के साथ करारखेड़ा में जनसंपर्क करने के लिए पहुंचे। दोपहर करीब एक बजे प्रीतम अपने वाहन से आगे निकल गए थे। उनके पीछे चल रहे समर्थकों ने केपी सिंह के घर के सामने से गुजरते हुए नारे लगाना शुरू कर दिया। इसका वीडियो भी बहुप्रसारित हो रहा हैं। इसके बाद केपी समर्थकों ने उन पर हमला बोल दिया। लोग लाठियां लेकर टूट पड़े और काफिले में चल रहीं 12-13 गाड़ियों को बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया।

केपी सिंह के समर्थकों ने प्रीतम सिंह के बेटे पर पिस्टल से फायर करने और उनके घर पर पथराव करने के आरोप लगाए हैं। बताया जा रहा है कि विवाद के दौरान कुछ लोगों को बंधक भी बना लिया था, जिन्हें बाद में छोड़ा गया। विवाद में जिला पंचायत सदस्य मनीराम लोधी सहित करीब 24 लोगों को चोट आई हैं।

राकेश लोधी पुत्र प्रीतम सिंह लोधी की शिकायत पर मनू राजा, संतोष शर्मा उर्फ पोला, राघवेन्द्र मिश्रा उर्फ अड्डू, शिवाकांत शर्मा निवासी सुजावनी, आलोक रावत, देवेन्द्र चौहान, अंकित गुप्ता, सुरेन्द्र सिंह चौहान, शिवम मिश्रा उर्फ शिवा पंडित निवासी सेमरी, रामस्वरूप लोधी निवासी करारखेड़ा, धर्मेंद्र चौहान निवासी देवगढ, निरवेंद्र ठाकुर सुनावल, भज्जू उर्फ निरेंद्र सिंह निवासी दबियाकलां व 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ तथा रामनरेश लोधी निवासी संकट मोचन कालोनी पिछोर की शिकायत पर मनु राजा, रवि राजा, प्रिंस निवासी करारखेड़ा पिछोर सहित भीड़ के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# जबलपुर पश्चिम में किसका सूरज डूबेगा!

• **जबलपुर से नरेन्द्र कुमार मौर्य**

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में से सबसे दिलचस्प मुकाबला पश्चिम क्षेत्र में है। यहां कांग्रेस के मौजूदा विधायक तरूण भानोत के ख़िलाफ़ भाजपा ने अपने चार बार के सांसद राकेश सिंह को उतार दिया है। पहली बार राकेश सिंह को इतने कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सांसद का एक जवाब अब उन्हीं पर भारी पड़ रहा है। मतदाता यह बताने से नहीं चूकते कि हम जब भी अपनी समस्याओं को लेकर सांसद के पास गए तो उनका एक ही जुमला होता था, यह मेरा विषय नहीं है। लोग बार-बार के उनके इस जवाब से तंग आ गए थे। मतदाता चुटकी लेते हैं कि सांसद महोदय को पार्टी जब विधानसभा चुनाव में उतार रही थी, तब उनसे कहते नहीं बना कि यह मेरा विषय नहीं है। जबलपुर पश्चिम क्षेत्र के दौरे का पहला पड़ाव रामपुर रहा। यहाँ के खेमचंद धनकड़ ने बताया कि टक्कर कांटे की है। अगर व्यक्तिगत रूप से देखें तो पलड़ा तरूण भानोत की तरफ झुका नज़र आता है और पार्टी के हिसाब से देखें तो राकेश सिंह वजनदार लगते हैं। वैसे तरूण भानोत का व्यक्तिगत संपर्क बहुत अच्छा है, वे सबसे मिलते जुलते हैं। उनके दुख-सुख में खड़े होते हैं उधर राकेश सिंह 20 साल में कभी नहीं आए, वे दिल्ली में ही रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं तक ने उनसे पूछ लिया कि कहाँ रहे अब तक?

रामपुर में सड़क किनारे सजावटी सामान की बड़ी सी दुकान चलाने वाले अमर सिंह ने छूटते ही कहा कि तरूण भानोत जीत रहे हैं 25 हजार वोटों से। उन्होंने बताया कि वे 21 साल के थे, तबसे राकेश सिंह को ही वोट दे रहे हैं। उनसे उनकी रिश्तेदारी भी है। उन्होंने कहा कि राकेश सिंह से बहुत उम्मीदें थीं, मगर वे उन्हें पूरी नहीं कर पाए। इस बातचीत को खरीददारी करने आई कुछ युवतियां भी सुन रही थीं। उनमें से एक ने भी कहा कि यहां से तो तरूण भानोत ही जीतेंगे। यहीं के धर्मेन्द्र केसरवानी कहते हैं कि टक्कर जोरदार है, लेकिन तरूण भानोत सीट निकाल लेंगे। ग्वारीघाट में लक्ष्मण सिंह पटेल ने कहा कि राकेश सिंह जीत रहे हैं। सांसद रहते हुए वे आठ विधानसभा सीटें संभालते थे, इस एक सीट को भी संभाल ही लेंगे। सिंघाड़े बेचने वाली महिला के पास खड़ी मीना देवी ने कहा कि वे तो पंजे को वोट देंगी। कहने लगी कि जो हमारी मदद करेगा तो वोट भी उसी को देंगे। ग्वारीघाट के ही सत्येन्द्र मल्लाह ने कहा कि तरूण भानोत का काम सबसे अलग है, यहां विकास का मतलब ही तरूण भानोत है। यहां लोग कांग्रेस से ज़्यादा उन्हें और उनके परिवार को मानते हैं। सत्येन्द्र कहते हैं कि राकेश सिंह ने दो काम करवाए हैं, लेकिन कहां करवाए हैं, किसी को नहीं मालूम। सामुदायिक भवन कहाँ बना है, कोई नहीं बताता। नर्मदा किनारे जो गेट बनवाया है, वो भी किसी काम का नहीं है।





यहाँ मनोज अहिरवार ने कहा कि वे तो मोदी जी को मानते हैं इसलिए राकेश सिंह का समर्थन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि हम तो शुरू से ही भाजपा को वोट करते हैं। उन्होंने माना कि यहाँ कांटे की टक्कर है। बादशाह मंदिर क्षेत्र के संतोष साहू ने कहा कि यहाँ तरूण भानोत का ज़ोर है। वे पान की दुकान चलाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहाँ आने वाले लोग उनकी ही बातें करते हैं। उधर खेमराज राव सभी नेताओं से नाराज़ हैं। वे कहते हैं कि सब नेता वोट मांगने आते हैं, लेकिन काम नहीं करते। हमारी तीन नम्बर गली का रास्ता आज तक नहीं बना। संजय पंजवानी ने कहा कि इधर भाजपा ने मेज कंट्रोल बहुत किया है। राकेश सिंह की स्थिति सुधरी है। वे सीट निकाल सकते हैं। वैसे कांटे की टक्कर है। एक-दो हज़ार से ही फ़ैसला होगा। मदन महल क्षेत्र के सुनील कुमार रैकवार ने कहा कि पार्टी दोनों मजबूत है। भाजपा ने दमोह नाके से मदन महल तक ब्रिज बनाया है तो कांग्रेस ने विधायक कोटे से चौराहे का नवीनीकरण किया है।


महानद्दा, मदन महल के हनुमान सिंह ने कहा कि टक्कर जोरदार है, मगर कांग्रेस का पलड़ा भारी है। जनता सरकार बदलना चाहती है अब कांग्रेस को मौका मिलना चाहिए। यहीं के जीएल कुशवाहा कहते हैं कि भाजपा से कोई नाराज़ नहीं है। फिर उसकी सरकार बनेगी। मदन महल के ही राजकुमार ने कहा कि इस चुनाव में महंगाई और बेरोज़गारी मुख्य मुददा है। लाडली बहना को हम प्रलोभन मानते हैं और उसका विरोध करते हैं, कोरोना में उन्हें बहना की याद नहीं आई। उन्होंने सुझाव दिया कि चुनाव आयोग को कर्मचारियों की भर्ती करना चाहिए। वे दूसरे विभाग के कर्मचारियों की डयूटी लगाते हैं, जो गलत है। रश्मि मेहरा ने कहा कि वे बदलाव चाहती है सरकार बदलना चाहिए। छोटी सी चाय दुकान चलाने वाली रश्मि ने कहा कि जितनी आवक नहीं है, उससे ज़्यादा महंगाई है। सरकार सड़कें चमकाने में लगी है, उससे क्या होगा? रोज़गार बढ़े तो कोई बात है, मगर वे आम जनता को भिखारी बनाकर छोड़ेंगे। गढ़ा इलाके के संजय दुबे कहते हैं कि सौ परसेंट तरूण भानोत जीतेंगे। उन्होंने हर तरह के कई काम करवाये हैं जो राकेश सिंह नहीं कर सकते। सुनील शुक्ला ने बताया कि जनता बदलाव चाहती है। मेडिकल स्टोर वाले राजू जैन ने कहा कि भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि यहां तो हिन्दू मुस्लिम मुददे का असर रहता है, इसलिए सब मोदी जी की जय-जय करते हैं।

गढ़ा के जितेन्द्र चक्रवर्ती बहुत नाराज़ हैं। वे कहते हैं कि नोटा में वोट देंगे। उन्होंने माना कि इस बार सरकार बदलने जा रही है, लेकिन उन्हें कोई उम्मीद नहीं है। उन्होंने इस बात की तरफ ध्यान दिलाया कि जिस दिन लाड़ली बहना का पैसा आया, टमाटर दो सौ रूपए किलो हो गया और तेल के दाम भी बढ़ गए। सरकार अगर बहनों को सिलाई मशीन देती, कोई कारोबार देती तो कोई बात थी यहां संतोष कोरी ने कहा कि हम सरकार बदलना चाहते हैं। गढ़ा में सड़क किनारे सब्जी की बड़ी दुकान चलाने वाले महेश कोरी और उनके साथी राकेश कोस्टा ने कहा कि हम भाजपा को समर्थन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तरूण भानोत ने चौहानी मोहल्ला को उजड़ने से नहीं बचाया, जबकि वे स्टे ले सकतेथे। इस मोहल्ले को अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया गया। यहां दुकान करने वाले चौहानी मोहल्ला के लोगों को तिलहरी जाना पड़ा। वहाँ से रोज आने जाने का खर्च बढ़ गया है उस जगह कोई शोरूम खुल गया है। इसी क्षेत्र के राजेश चक्रवर्ती और मोतीलाल वर्मा ने भाजपा को आगे बताया। उन्होंने कहा कि रौनक से ही लग जाता है कि भाजपा जीत रही है, काम भी बहुत हुआ है। अब गांव तक बस जा रही है। उन्होंने सरकारी योजनाओं की तारीफ की और कहा कि सरकार फ्री में राशन बांट रही है।

शास्त्री नगर बड़ा पत्थर के दुर्गेश पाठक ने कहा कि यहाँ तरूण भैया का जोर है, वे फिर जीतेंगे। राकेश सिंह तो 20 साल में किसी को दिखाई भी नहीं दिए। कोरोना काल में भी वे किसी के काम नहीं आए, उनका जनता से जुड़ाव नहीं है। उधर तरूण सबसे मिलते हैं और तुरंत काम करते हैं। यहां की दुर्गा शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अच्छा किया है आगे वह और अच्छा करेगी, इसलिए उसे जीतना ही है। शास्त्री नगर के ही नीलेश सिंह ने कहा कि मुफ़्त का राशन बंद होना चाहिए। लाड़ली बहना योजना बंद होना चाहिए उनकी जगह शिक्षा और स्वास्थ्य को निशुल्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे सरकार बदलना चाहते हैं। वैसे हर पांच साल में सरकार बदलना चाहिए। मध्यप्रदेश की जनता ने गलती की तो सजा भी भुगती। यहाँ फूल पौधे, बेचने वाली पुष्पा कुशवाहा ने मजेदार बात कही। उन्होंने कहा कि जो ज्यादा फेंकेगा, वही जीतेगा। वैसे पुष्पा बसपा समर्थक हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि यहाँ कोई बसपा से खड़ा हुआ है या नहीं। उनके साथ की लड़की ने बताया कि ये रीवा जिले के टीकर गांव की है और वहां बसपा है। यहाँ के चंदन रजक ने कहा कि बराबर की टक्कर है। कह नहीं सकते कि क्या होगा।

गंगा नगर के मनोज कोरी ने कहा कि हम तो कमल वाले हैं। भाजपा सरकार ने अच्छा काम किया है। स्कूल फीस और बिजली बिल माफ किए। मुफ्त में राशन दे रही है। भाजपा के जीतने की संभावना ज्यादा है। उधर आकाश रजक ने कहा कि निजीकरण, पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतें बढ़ने से जनता नाराज़ है। महंगाई और बेरोज़गारी चरम पर है। अब सरकार बदलना बहुत जरूरी है। वही लोग सरकार में बैठे रहेंगे तो नया कुछ भी नहीं होगा। छोटी बजरिया के राजकुमार लोधी ठाकुर ने कहा कि यहां पर टोटल कांग्रेस है। राकेश सिंह 20 साल में अभी लौटे हैं जबकि तरूण भानोत यहीं रहते हैं। उन्हें बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी जानते हैं। राकेश सिंह को कितने लोग जानते हैं, पता चल जायेगा। पान की दुकान वाले राजेश चौरसिया ने भी उनकी बात का समर्थन किया। इंदिरा गांधी वार्ड, विकास नगर के जितेन्द्र वर्मा और रीतेश झा ने कहा कि हम तो कांग्रेस का समर्थन करते हैं। राकेश सिंह पहले भी काम के नहीं थे और आज भी नहीं हैं। जनता ने गलती कि एक ही पार्टी को 18 साल सत्ता में बिठाए रही। अब बदलाव होकर रहेगा।

गंगा सागर क्षेत्र में अनिल सिंह गौर ने बहुत दिलचस्प बात कही। उन्होंने कहा कि जबलपुर पश्चिम में तो हम चाहते हैं कि तरूण भानोत ही जीतें, लेकिन प्रदेश में सरकार भाजपा की ही बनाना चाहते हैं। इस विरोधाभास का कारण पूछने पर उन्होंने कहा कि वैसे तो हम भाजपा का ही समर्थन करते हैं लेकिन व्यक्तिगत रूप से तरूण भानोत को मानते हैं। वे सबके साथ खड़े रहते हैं। उनके जैसा नेता मिलना मुश्किल है। यहां पान दुकान चलाने वाले सतीश विश्वकर्मा ने कहा कि कोई काम करना नहीं चाहता। गंगासागर तालाब की तरफ किसी का ध्यान ही नहीं है। वहां से अतिक्रमण हटाओ तो मानें। वे कहते हैं कि हर बार एक ही आदमी को चुनाव में खड़ा नहीं करना चाहिए दूसरे को भी मौका देना चाहिए। पार्षद, विधायक, सांसद हर बार अलग-अलग व्यक्ति को बनाना चाहिए। पद को मंगल सूत्र मत बनाओ कि जिसको पहना दिया तो पहना दिया।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।